THE DEPUTY CHAIRMAN: That is why I said that I would allow you to speak on Kashmir and also Mr. Salaria, who comes from Kashmir.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: For your information, I want to speak on Kashmir.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I am very happy about this information. Now, the Minister of Home Affairs is to make a statement on Kashmir.

PROF. MADHU DANDAVATE: Madam, in the observations that you made, inadvertently you said that the Bills were passed. But the Bills were only returned.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Yes, the Bills were returned because they are Finance and Money Bills and we cannot pass them.

PROF. MADHU DANDAVATE: Madam, I hope you are not angry!

THE DEPUTY CHAIRMAN: I wish I got angry, but it does not come. What can I do? ...*(Interruptions)*...

Now, the Statement by the Minister of Home Affairs.

SHRI KAHNU CHARAN LENKA (Orissa): Madam, I wanted to make a point of personal explanation and I have been allowed. When are you going to allow me to make that?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Yes, whenever anybody has got any grievance, he should be allowed. I have taken your name and the Chairman has permitted it. Just now we have got the statement on Kashmir. After that, I will allow you. Let this business be over first. Yes, Mr. Sahay, you make the statement on Kashmir.

## STATEMENT BY MINISTER

### Regarding Murder of Mirwaiz Maulvi Mohd. Farooq in Srinagar and the developments thereafter

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय)** : महोदया, मैं, इस सम्माननीय सदन के माननीय सदस्यों को कश्मीर के मीरवाइज मौलवी फारूक की कल हुई अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण तथा दु:खद मृत्यु और उसके बाद श्रीनगर में हुई घटनाओं से संबंधित तथ्यों के बारे में सूचित करता हूं। मुझे विश्वास है कि इस सम्माननीय सदन के सभी सदस्य तथा पूरे देश के सभी लोग इस वीभत्स अपराध की निन्दा करने और शोक संतप्त परिवार के सदस्य के प्रति गहरी सहानुभूति प्रकट करने में मेरा साथ देंगे।

राज्य सरकार ने सूचित किया है कि 21-5-1990 को लगभग 11.15 बजे पूर्वाह्न 3 कश्मीरी युवक मौलवी फारूक के नागिनबाग निवास पर आये और उनसे मिलना चाहा। युवकों ने गेट पर तैनात चौकीदार श्री गुलाम कादिर शूर्फा से कश्मीरी भाषा में बात की। उन्होंने उससे कहा कि उन्होंने मौलवी फारूक से मुलाकात का समय लिया हुआ है। मौलवी फारूक को सूचित किया गया और उनकी अनुमति पर युवकों को मकान के अन्दर जाने की इजाजत दी गई। वे लगभग 15 मिनट तक मौलवी फारूक के साथ रहे तभी गोली-बारी की आवाज सुनाई दी। चौकीदार तत्काल मकान के अन्दर गया और उसने वहां से भाग रहे एक हत्यारे को दबोचने की कोशिश की लेकिन वह उसे भागने से नहीं रोक सका। उसने पाया कि मौलवी फारूक को गोली मार दी गई है और गोलियों के कारण वे कई जगह जख्मी हो गये। मौलवी फारूक को तत्काल शोरा के चिकित्सा संस्थान में ले जाया गया, जहां जख्मों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

मौलवी फारूक कश्मीर घाटी के सर्वाधिक आदरणीय धार्मिक नेताओं में से एक थे। उनके अनेक अनुयायी थे।

उन्होंने कश्मीर के लोगों के लिए बहुत कुछ किया। आतंकवादियों के इस आपराधिक कृत्य से कश्मीर के लोगों की भावनाओं को गहरी चोट लगी है। कश्मीर विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर के अपहरण और हत्या के बाद, एक बहुत ही आदरणीय तथा जाने-माने धार्मिक विद्वान की हत्या किए जाने से कश्मीर घाटी के आतंकवादियों की आपराधिक और सूझबूझ रहित गतिविधियों का पता चलता है, जिसका उद्देश्य उन माननीय व्यक्तियों और नेताओं को खत्म कर देना है, जो आतंकवादियों की हिंसक और विघटनकारी गतिविधियों से सहमत नहीं होते। जिन में गतिविधियों को सीमा पार से समर्थन मिल रहा है।

मौलवी फारूक के शव को एक जलूस के साथ मीरवायज मंजिल ले जाया गया। रास्ते में, इस्लामिया कालिज के निकट भीड़ में से कुछ लोगों ने सुरक्षा बलों की एक चौकी पर हमला किया। स्थिति का लाभ उठाते हुए, आतंकवादी उपद्रवी भीड़ के साथ मिल गए तथा उन्होंने ए के०-47 राइफलों तथा अन्य शस्त्रों से सुरक्षा बलों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। सुरक्षा बलों के कार्मिकों को आत्मरक्षा के लिए गोलियाँ चलानी पड़ीं। निकट के अन्य स्थानों में भी सुरक्षा बलों पर उपद्रवी भीड़ तथा उग्रवादियों ने हमले किए। कुछ चौकियों को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 27 व्यक्ति मारे गये। तथा घायलों की संख्या तकरीबन 100 बताई गई। सुरक्षा बलों का एक कमाण्डेंट तथा 10 जवान घायल हुए हैं।

सरकार इस जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों का पता लगाने तथा उन्हें गिरफ्तार करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगी। श्रीनगर में स्थिति पर पूरी तरह नजर रखी जा रही है तथा वहां अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है।

PROF. CHANDRESH P. THAKUR (Bihar): Thank you Madam. The situation in Kashmir has suddenly gone out of hand and certainly beyond the control of the Government. Maulvi Farooq's demise is a most unfortunate development. The matter did not stop there. Subsequently when there was a funeral procession, firing took place and lots of people lost their life during that time. When people had gone for mourning, an entirely different state of mind was there. I would like to seek a simple clarification. Is this development or this kind of development an evidence of the fact that the Government has demonstrated a total lack of will to establish its authority in the Valley? That is number one. Number two: Does it also mean that there is a serious difference at the policy level between the Minister in charge of Kashmir affairs on the one hand and the Governor of Kashmir on the other? And this difference is being perceived by the people who can take the law into their hands as an opportunity for them to strike seriously and decisively. Third: Will there be a kind of determined effort from the Government to ensure that the rule of law is established and terrorists are brought to book and the continuing vacillation at the Government level with regard to the course of action in Kashmir is brought to an end?

SHRI SUKOMAL SEN (West Bengal): Madam, this is the most dastardly and condemnable act by the terrorists in Jammu and Kashmir. After the murder of Maulvi Farooq and earlier the murder of the Vice-Chancellor of Kashmir University, now it is very clear that the militants and terrorists have no respect even for Islam also although they are acting at the behest of Pakistan. I think, Madam, that the entire House joins in condemning this act. At the same time, I would like to seek these clarifications from the hon. Minister.

Firstly, I would like to know from the hon. Minister, what was the political stance of Maulvi Farooq in the present political scenario, what were his differences with the militants and what was his position with regard to the stand taken by the Government of

[Shri Sukomal Sen]

India? Then, I would like to know, what was the security arrangement for protecting Maulvi Farooq? I would also like to know how his dead body was taken in procession when curfew was imposed in Srinagar, whether curfew was relaxed or the crowd violated it. What was the position? How were the terrorists allowed to mingle with the crowd? What was the police doing? The statement says that the militants used AK-47 and other fire-arms. Didn't the police then try to nab them? What happened?

[**The Vice-Chairman (Prof. Chandresh P. Thakur)** in the Chair.]

SHRI VISHVJIT P. SINGH (Maharashtra): Mr. Vice-Chairman, Sir, I would like to request the Government and to the Minister to kindly give very specific answers to the questions which I am going to raise. It doesn't matter that there is another Minister and I am sure he is going to convey the questions to the Minister concerned who will then reply. His going away show what is happening to the Government nowadays...(*Interruptions*)

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY (Uttar Pradesh): On a point of order. On an important subject like this the Home Minister is not present. I take very strong objection. (*Interruptions*) It shows its total disregard for human life in Kashmir.

श्री **शांति यागी** (उत्तर प्रदेश) : होम मिनिस्टर को यहां होना चाहिए। (व्यवधान) वह यह नहीं है। (व्यवधान)

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: He is not even a politician in the proper sense. He does not know the ramifications involved in the Kashmir Valley. I take strong objection. It is an insult to the House that the Home Minister is not present to answer the clarifications.

SHRIMATI MARGARET ALVA (Karnataka): At least the Minister for Kashmir Affairs should be present.

डा० **रत्नाकर पाण्डेय** (उत्तर प्रदेश) : उनको बुलाईए तब सदन की कार्रवाई चलाईए। यह बड़ा सीरियस मामला है। (व्यवधान)

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: You please adjourn the House for ten minutes and call the Home Minister to be present here. (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): Technically, a Minister is sitting. I am sure the Minister will convey to the Minister of State for Home Affairs the feelings of the House.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: How can we seek clarifications? (*Interruptions*)

SOME HON. MEMBERS: He has come.

SHRI SUBODH KANT SAHAY: I had gone out to attend a telephone call. There was nothing...(*Interruptions*)

SHRI VISHVJIT P. SINGH: It must be a telephone call from the Chief Minister of Nagaland to Subodh Kant, because you gave him an assurance when you went to Nagaland when you were General Secretary of the Party that you would make him Chief Minister, and after that he became the Chief Minister of Nagaland. After that he became the.. (*Interruptions*) May we know that, Mr. Minister?

4.00 P. M.

DR. NAGEN SAIKIA (Assam). I am on a point of order. Sir, the Members are seeking clarifications on the Kashmir issue. (*Interruptions*) But the hon. Member is referring to the Nagaland issue.

SHRI VISHVJIT P. SINGH: I raised this issue because the hon. Minister said that he had gone to attend to a telephone call. In reference to that, I ask him as to where he had got that telephone call from. (*Interruptions*) I did not take objection to the

Minister leaving the House. I was quite happy with Prof. Menon hearing my clarifications.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): I think that matter is over. Please continue with your clarifications.

SHRI VISHVJIT P. SINGH: As I said in the beginning, want specific answers to my questions. I want specific answers to the clarifications which I shall ask. Fundamental to the whole issue are the questions I am going to raise through my clarifications. Firstly, I would like to know whether it is a fact that Nagin Bagh was a curfew-bound area where the residence of the late Maulvi Farooq was situated. Was that a curfew-bound area? At 11.15 A. M. on 21.5.1990, was there curfew or not in that area? Secondly, did the so-called assailants come in a Gypsy or some sort of a jeep? Did they come in a vehicle in spite of the curfew and they were not stopped? Is it also a fact that there are three BSF posts around or about the Nagin Bagh residence of Maulvi Farooq and that this vehicle carrying the assailants came unchecked and unchallenged right upto the house? Is it true that the late Maulvi Farooq, in his last words, said that the men who killed him spoke in Hindi and not in Kashmiri? Is it also true that a statement to this effect has been made by the brother of the late Maulvi Farooq, Shri Mushtaq? Is it a fact or is it not that Shri Mushtaq has alleged that Maulvi Farooq, in his last word, said that the assailants could not speak proper Kashmiri and that they were speaking in Hindi? Is it also a fact that the security forces are housed in the Islamia College? Is it a fact that the Islamia College has got three companies of the security forces and that they are stationed permanently at Islamia College? Is it also a fact that the number of security personnel is 3000? Is it also a fact that it has a nearly 10-feet boundary wall? (*Time bell rings*). This is very important.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): There are 28 names. Please conclude.

SHRI VISHVJIT P. SINGH. You must understand that these are questions which are fundamental. I am not making any 'bhumika'; I am not getting involved in any politcal speech. I am seeking clarifications. The number of clarifications, unfortunately, is a little more. You claim that the terrorists had mingled with the crowd while it was passing the Islamia College. Is it also not a fact that the only way the terrorists could fire into the Security Forces was by scaling that 10-foot high wall, and then firing at the 3,000 personnel inside? Is it a fact or is it not? There is an allegation—I am not making that allegation—that there were 5 sten guns mounted on that wall, firing into the crowd. It is an allegation. I am not making that allegation. Is it a fact or is it not? I am only asking you. How could the terrorists climb over the 10-foot wall and fire at 3,000 security personnel? Did that crowd wanted to commit suicide? Is it also true that 117 people have been killed in the firing as opposed to your total of 27? 117 people have been killed and 500 people have been injured allegedly by the

[Shri Vishvjit P. Singh]

sten-guns. Is it also true that the coffin of the late Maulvi Farooq had 18 bullet hole wounds in it? This coffin, not content with the death of Maulvi Farooq had to be riddled with 18 bullets.

SOME HON. MEMBERS: Shame, shame.

SHRI VISHVJIT P. SINGH: Is that not true, Mr. Minister? The coffin was just on the road. The crowed dispersed because of the firing, the Jalianwala Bagh like firing, and the ladies of the house had to collect the coffin and take it home to Mirwaiz Manzil. Is it also true that no terrorist organisation has till now claimed any credit for that killing? Is it not true that no terrorist organisation has claimed credit for it? Is it also not true that the late Maulvi Farooq was involved in the negotiations which were going on between the Miinster for Kashmir Affairs and the so-called boys underground? Is it also not true that he was involved in the negotiations? And is it also not true that the Governor, Shri Jag Mohan was taking strong exception to this connection between Maulvi Farooq and the Minister for Kashmir Affairs, Mr. George Fernandes? These are the questions which are disturbing me and Mr. Vice-Chairman, Sir, I would like to seek specific answers to these questions.

Sir, I have said before in this House when the issue of Madina village was raised that this Government is waging war upon its own people. And I say once again that this Government is waging war upon its own people: witness what has happened in Srinagar. And I would like very specific answers to these questions.

Thank you, Sir.

**श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान** (आन्ध्र प्रदेश) : जनाब वाइस चेयरमैन साहब जहां तक मौलवी फारूक का ताल्लुक है, वह कश्मीर के बहुत अहम-मजहबी लीडर थे और साथ ही साथ उनका सियासत में भी काफी मुकाम था। कश्मीर के जो दो-तीन लीडर थे उन में मौलवी फारूक का मुकाम इंतिहाई अहमियत का हामिल था। खासतौर पर जब कश्मीर युनिवर्सिटी के वाइस चांसलर मुसीरुल हक साहब का मर्डर हुआ तो उसके बाद मे हुकूमत की यह जिम्मेदारी थी कि इंतिहाई सख्त से सख्त हिफाजती इंतजामात वहां के अहम लीडरों की हिफाजत के लिए करती। मैं मुअज्जिज मिनिस्टर साहब से यह पूछना चाहता हूं कि क्या उनकी हिफाजत के कोई इंतजामात किये गये थे? अगर कोई इंतजामात नहीं किये गये तो उसकी वजह क्या है? नं०—1 सवाल तो मेरा यह है।

दूसरा जो मेरा सवाल है वह यह कि उनका जो फूनरल रहा, जब दवाखाने से उनकी लाश लाई जा रही थी तो अवाम पर फायरिंग हुई। मुख्तलिफ जराये इब्लग से सुनने में आया है कि इस फायरिंग से कोई सौ से ज्यादा जानों को नुकसान हुआ है। उस फायरिंग के बारे में आपने जो फिगर्स दी हैं क्या वह फिगर्स सही हैं या जो दूसरे सोर्स से फिगर्स आई हैं वह सही हैं? इसी तरह से जख्मियों के मुतालक भी जो फिगर्स आपने बताई है उनसे बहुत ज्यादा बनाई गई हैं। ज्यों ही मौलवी फारूक साहब का कत्ल हुआ था तो क्या यह हुकूमत की जिम्मेदारी नहीं थी कि फौरन पूरे श्रीनगर में सख्त से सख्तरीन हिफाजती इंतजामात किये जाते। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या ऐसे इंतजामात किये गये थे, अगर नहीं किये गये थे तो इसकी वजह क्या थी? यह मैं मुअज्जिज मिनिस्टर साहब से जानना चाहता हूं।

†[شری محمد خلیل الرحمان (آندھرا پردیش) : جناب وائس چیرمین صاحب - جہاں تک مولوی

†Translation in Arabic Script.

فاروق کا تعلق ہے یہ کشمیر کے بہت اہم مذہبی لیڈر تھے - اور ساتھ ہی ان کا سیاست میں کافی مقام تھا - کشمیر کے جو دو دینی لیڈر تھے - انمیں مولوی فاروق کا مقام انتہائی اہمیت کا حامل تھا - خاص طور پر جب کشمیر یونیورسٹی کے وائس چانسلر مشیرالحق صاحب کا مرڈر ہوا - تو اس کے بعد حکومت کی یہ ذمہ داری تھی کہ انتہائی سختی سے سخت حفاظتی انتظامات وہاں کے لیڈروں کے لئے کرتی - میں معزز منسٹر صاحب سے یہ پوچھتا ہوں کہ کیا انکی حفاظت کا کوئی انتظام کیا گیا تھا - اگر کوئی انتظام نہیں کیا گیا تھا تو اسکی وجہ کیا ہے - نمبر ایک سوال تو میرا یہ ہے -

دوسرا جو میرا سوال ہے وہ یہ کہ انکا جو قتل ہوا جب دواخانے سے انکی لاش لائی جارہی تھی تو عوام پر فائرنگ ہوئی مختلف ذرائع ابلاغ سے سننے میں آیا ہے کہ اس فائرنگ سے کوئی سو سے زیادہ جانوں کا نقصان ہوا ہے - اس فائرنگ کے بارے میں آپ نے جو فیگرس دی ہیں کیا وہ فیگرس صحیح ہیں یا جو دوسرے سورسوں سے فیگرس آئی ہیں وہ صحیح ہیں - اسی طرح سے زخمیوں کے کے متعلق بھی جو فیگرس آپ نے بتائی ہیں اُن سے بہت زیادہ بتائی گئی ہیں - جیسے ہی مولوی فاروق صاحب کا قتل ہوا تھا تو کیا یہ حکومت کی ذمہ داری نہیں تھی - کہ فوراً پورے سری نگر میں سخت سے سخت ترین حفاظتی انتظامات کئے جاتے - میں یہ جاننا چاہتا ہوں کہ کیا ایسے انتظامات کئے گئے تھے - اگر نہیں کئے گئے تو اسکی وجہ کیا تھی - میں منسٹر صاحب سے جاننا چاہتا ہوں - ]

डा० रत्नाकर पाण्डेय : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, गृह मंत्री जी ने राष्ट्र की इतनी महत्वपूर्ण घटना पर जो वक्तव्य दिया है, इसमें सैंकड़ों गुना ज्यादा जानकारी देने वाली खबरें अखबारों में छप चुकी हैं। लगता है कि यह सरकार इस देश के लोगों से कुछ छिपाना चाहती है और सचवाई सामने नहीं लाना चाहती है। मैं स्पष्ट कहना चाहूंगा कि कश्मीर को तश्तरी में रख कर उसे भारत के नक्शे से अलग करने की जो साजिश रची हुई थी उस साजिश पर वर्तमान सरकार किसी तरह नियंत्रण करने में पूर्णतया निक्कमी, अक्षम और असफल साबित हुई है। जिस दिन माननीय गृह मंत्री जी की पुत्री का अपहरण हुआ और पांच आतंकवादियों को छोड़ा गया उसी दिन से कश्मीर में आतंकवादियों का मनोबल इतना बढ़ गया कि उन्होंने किसी भी चीज की परवाह नहीं की और न जाने कितने लोगों को (व्यवधान) बहुत रेलेवेंट है। खेड़ा का निधन हुआ। गृह मंत्री जो ने अपने वक्तव्य में खेड़ा के नाम का उल्लेख तक नहीं किया, वह कोई मामूली व्यक्ति नहीं थे, वह आपके संस्थान के जनरल मेनेजर थे। आपने वक्तव्य में वाइस चांसलर का नाम उद्धृत किया। उस समय भी जब हम लोगों ने इस मामले को उठाया था तो सरकार का जो रुख था उससे लगता था कि हम कोई ऐसी बात कर रहे हैं जो सरकार के लिए मंजूर होने वाली नहीं है। मान्यवर,

[डा० रत्नाकर पाण्डेय]

मीरवायज़ मौलवी फारुक लगभग दो सौ मस्जिदों के सरगना के रूप में माने जाते थे और अनन्तनाग में उनके पैरेलल मौलवी निसार ने अपने आप को दक्षिण कश्मीर का मीरवायज़ घोषित कर लिया था। यह तथ्य किसी से भी छिपा नहीं है। आपने कहा कि 27 आदमी मारे गये हैं और कश्मीर से प्रमाणित रूप में रिपोर्ट मिली है 60 व्यक्ति सवेरे तक मारे जा चुके थे और अब तक की रिपोर्ट यह है कि 117 व्यक्ति मारे जा चुके हैं। जिस कारण से यह सब चीजें कश्मीर में हो रही हैं? कश्मीर में 100 रुपये का नोट दिया जाता है तो उसका चेंज हमें पाकिस्तानीं मुद्रा में मिल रहा है। राष्ट्रीयकृत बैंकों से धनराशि निकाल कर लोकल बैंकों में जमा की जा रही है और आपके गृह मंत्री और कश्मीर मामलों के प्रभारी मंत्री दो ध्रुव बन गये हैं कश्मीर की समस्यां का हल करने के लिए, यह किसी से छिपा नहीं रह गया है। दोनों मंत्रियों में एकता नहीं है। ऐसी स्थिति में मीरवायज़ मौलवी फारुक कश्मीर के धार्मिक नेता ही नहीं थे वे वहां के लोगों के हृदय पर राज करने वाले व्यक्ति थे। दिन में 11 बज कर 10 मिनट पर उनके निवास स्थान पर उन्हें गोलियों से छलनी कर दिया गया और आपने जो वक्तव्य दिया है उसके अनुसार गुलाम कादिर शूफी से कश्मीरी भाषा में हत्यारों ने बात की। मैं जानना चाहता हूं कि क्या चौकीदार गुलाम कादिर शुफी को महामहीम राज्यपाल जगमोहन जी जानते थे या नहीं जानते थे? यदि जानते थे तो क्या जनाब गुलाम कादिर शूफी को मालम नहीं था कि जो हत्यारे थे उनका समय मौलवी फारुक से मिलने के लिए तय था या नहीं था, बिना समय निर्धारित किये मौलवी से कैसे मिलने दिया गया? यह मैं आपसे जानना चाहता हूं। सुरक्षा बलों द्वारा पूरे कश्मीर में घर घर तलाशी के अभियान के बावजूद हत्यारे उनके हाथ नहीं आए। किस तरह की आप तलाशी ले रहे हैं? अगर घाटी में ऐसे धार्मिक नेता की गोली मारकर हत्या हो सकती है तो आम व्यक्ति की जान-माल की दशा क्या होगी? अभी स्कूल कालेज खुलने वाले हैं और सरकारी कर्मचारी जम्मू से श्रीनगर भेजे जाने वाले हैं और उनके घर के परिवार के लोग उनको अंतिम विदाई दे रहे हैं। इस देश का नागरिक काश्मीर के लिए अपने सिर पर कफन बांधकर सरकार की सहायता करने को तैयार है लेकिन आपकी सरकार उनको रक्षा नहीं दे पा रही है, उनके जीवन को सुरक्षित नहीं रख पा रही है। सामान्य नागरिकों के और जो सरकारी कर्मचारी हैं उनके जान-माल की क्या दशा है यह आप बतायें।

हत्यारे अपना कार्य करके भाग गये। सारे काश्मीर में सुरक्षा बल पूरी सतर्कता बरते हुए हैं लेकिन हत्यारे अभी तक नहीं पकड़े गये हैं। ऐसा जान पड़ता है कि सरकार--काश्मीर में सब कुछ सामान्य है, शांति है, अमन चैन है--एक खोखला दावा कर रही है। ऐसा लगता है कि काश्मीर में जंगल का ब्रूटल राज्य हो चुका है। मौलवी फारुख की हत्या से उठे कुछ ऐसे सवाल हैं जिनका स्पष्टीकरण मैं आपसे चाहता हूं। क्या मौलवी फारुख के हत्यारे काश्मीरी थे? क्या हत्यारों की शिनाख्त हो चुकी है? आपने कहा कि अभी तक नहीं हो पाई है। आपकी सरकार क्या कर रही है। मौलवी फारुख जैसे व्यक्ति को सुरक्षा क्यों नहीं प्रदान की? मैं जानता हूं आप जबाब देंगे कि उन्होंने डिनाई कर दिया सुरक्षा लेने से, लेकिन आपकी सरकार का क्या कर्तव्य था।

**उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर)** : आप सवाल पूछिए, जवाब एण्टीसिपेट मत कीजिए।

**डा० रत्नाकर पाण्डेय** : मौलवी फारुख जैसे व्यक्ति को सुरक्षा प्रदान करने के लिए आपने उनके इन्कार करने के बाद भी क्या उनकी सुरक्षा की कोई व्यवस्था की थी? अगर फारुख साहब ने सरकारी सुरक्षा लेने से इन्कार कर दिया था तो क्या सरकार ने उनको चेतावनी दी थी कि उनकी जान को खतरा है? यदि हां, तो सरकार ने अपनी तरफ से क्या किया? मेरा अगला प्रश्न है कि क्या मौलवी फारुख की हत्या में किसी विदेशी सरकार के हाथ होने की सरकार को जानकारी है? यद्यपि आपके प्रधान मंत्री ने अपने शोक

संदेश में कहा है कि सीमा पार के लोगों ने मौलवी फारुख की हत्या की, लेकिन आइडेंटीफाई करिए कि किन लोगों ने हत्या की और कैसे हत्या हुई ? मौलवी फारुख की अन्त्येष्टी पर क्या पाकिस्तान के उनके रिश्तेदारों ने, जो उनके चाचा वगैरह रहते हैं, काश्मीर आने की अनुमति मांगी है, इसका जवाब मैं चाहता हूं। अंत में, काश्मीर में जमायते इस्लामी और उनके आतंकवादी गुट हिफ्जे मुजाहिद ने काश्मीर घाटी में 100 स्कूल खोल रखे हैं जिनमें साम्प्रदाकिता की ऐसे शिक्षा दी जाती है कि परस्पर दुराव बढ़े, गवर्नर ने उन स्कूलों पर पाबंदी लगायी थी। इसलिए ऐसे आतंकवादी गुटों पर कब्जा जरूरी हो गया है। तो धार्मिक शिक्षा और प्रचार के माध्यम से किसी को फंसाने के लिए इस तरह की आतंकवादी साजिश क्या की गई है? स्कूल वहां खुल रहे हैं और गर्मियों की राजधानी श्रीनगर रहती है तो इनको किस रूप में आप संचालित करना चाहते हैं और यही स्थिति रहेगी तो कितने लोगों के खून की होली आपकी सरकार काश्मीर में खेलेगी। नागरिक शांति समितियों की बहाली के लिए, जैसे और जगह करते हैं, क्या सरकार ने कोई कदम उठाया। जिस स्थान पर मौलवी का मकान था उसके आस पास पुलिस थी, उनको 18 गोलियां लगीं, तीन आदमी मारकर भाग गये तो आपने इतना बड़ा पूरा सरकारी ताम-झाम कर रखा वह आपका प्रशासन और आपके पुलिस बल या और जो सुरक्षा की शक्तियां हैं वे क्या कर रही थीं मैं आपसे जानना चाहता हूं।

**श्री चतुरानन मिश्र** (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, फारुख साहब की हत्या की जितनी निन्दा की जाए वह कम ही होगी। यह अत्यन्त दुखद बात है कि इस तरह की घटनायें वहां घट रही हैं। लेकिन इससे भी बुरी बात लग रही है कि अर्थी जलूस पर गोली चलाई गई। क्या यह किसी सभ्य सरकार का काम है। यह मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि अर्थी जलूस पर कैसे गोली चलाई गई उस जलूस में स्क्यिुरिटी फोर्स क्यों गई और इससे पहले हमारे पास रिपोर्ट आई है जिस पर हमने स्पेशल मेंशन दिया है जो पेंडिंग है कि एक बारात की पार्टी जा रही थी उस पर पुलिस वालों ने हमला किया गया और लड़की को छीनकर उसके साथ रेप किया गया। यह थाने की रिपोर्ट हमने सबमिट की है। तो क्या काश्मीर में हम लोग फारेन आक्पेशनल आर्मी की तरह व्यवहार कर रहे हैं। क्या यही हमारा काम हो रहा है ? इस तरह से तो सब दिनों के लिए काश्मीर हमारे हाथ से चला जाएगा और हम मंत्री महोदय से पूछना चाहते हैं कि बड़े पैमाने पर इस तरह की कार्यवाही हो रही है, नेशनल कानफ्रेंस के कार्यकर्ताओं की बड़े पैमाने पर गिरफ्तारी हो रही है, उनके हाथ-पैर तोड़े जा रहे हैं और नेशनल कानफ्रेंस ही एक ऐसी संस्था है जो राष्ट्रीयता में विश्वास रखती है और जिसके चलते कश्मीर अभी तक हमारे साथ था, नहीं तो मुसलिम मजारिटी एरिया था, सन् 1947 में ही वह जिन्ना साहब के साथ चला गया होता।

इसीलिए अगर सरकार का यह कहना सच है कि भीड़ से गोली चली, तो यह 27 आदमी ही फिलहाल हम मानते है कि 27 आदमी मारे गये हैं, गोली भीड़ से चली और मारे भी गये सब भीड़ वाले, पुलिस का एक भी आदमी क्यों नहीं मारा गया ?

अगर यह बात सच है कि असाल्ट राइफल ए०के० 47 था, तो उस गोली से क्या सेक्यूर्टी के आदमी नहीं मारे जा सकते हैं ? तो यह कैसी बात है ?

सरकार को जो-जो रिपोर्ट आती है उस पर थोड़ा राजनीतिक दृष्टि से भी तो विचार करना चाहिए कि क्या हो रहा है ? हम थोड़ी देर के लिए मान जाते हैं कि फारूख साहब की हत्या टेरोरिस्ट्स ने की, अगर यह बात है, सरकार ने एक मौका खो दिया कि हम सारी दुनिया को साबित कर सकते थे कि इस तरह की घटना वहां घट रही है और आपने यह इतनी बड़ी राजनीतिक गलती की है कि आपने अर्थी के जुलूस पर गोली चलवा दी। ऐसी सरकार को रहने का कोई भी अधिकार नहीं होना चाहिए था।

[श्री चतुरानन मिश्र]

मैं मांग करता हूं कि तुरन्त उस हत्यारे जगमोहन को वहां से हटवाइये, नहीं तो हम लोग साथ नहीं देंगे।

SHRI MAKHAN LAL FOTEDAR (Uttar Pradesh): Please repeat what you said.

SHRI SYED SIBTEY RAZI (Uttar Pradesh): We appreciate it.

**श्री चतुरानन मिश्र** : हमने पहले भी कहा है कि एप्रिशिएट तो आप लोग करते हैं, लेकिन आप लोग भी (कश्मीर में) वहां साथ दीजिए। आप लोग खाली यहां पर एप्रिशिएट करने पर... (**व्यवधान**) सुनिये, कश्मीर के लिए जितनी मीटिंग्स होती हैं, कांग्रेस पार्टी साथ नहीं देती, पंजाब के लिए जो मीटिंग्स होती हैं, कांग्रेस पार्टी उसमें साथ नहीं देती।

**उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर)** : मिश्र जी, अभी आप इसी मुद्दे पर रहें।

**श्री चतुरानन मिश्र** : हम इसी पर हैं। एक महत्वपूर्ण बात है कि सभी पार्टियां मिल करके यह राष्ट्रीय सवाल है और कश्मीर की रक्षा के सवाल में सभी जुट जायें। इसलिए मैंने इसकी चर्चा की है, कोई आउट आफ प्लेस जाकर के किसी पार्टी पर हमला करने के लिए नहीं किया है।

इसीलिए मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि अगर यह हाल रहा, तो मैं मंत्री महोदय से पूछूंगा कि अभी कश्मीर के सवाल पर पाकिस्तान को अमरीका का भी समर्थन प्राप्त नहीं हो रहा था, यूरोप के देशों का तो समर्थन प्राप्त नहीं हो रहा था, बड़े पैमाने पर अरब राष्ट्रों का भी समर्थन प्राप्त नहीं हो रहा था, लेकिन अगर शादी के लिए जाने वाली लड़की का रेप किया जाता है और अर्थी के जुलूस पर हमला किया जाएगा, तो मान्यवर, मानव अधिकार मानने वाला कोई भी देश आपके साथ रहेगा क्या, यह हमारा प्रश्न है? हम वर्ल्ड में आइसोलेटेड हो जायेंगे, हमसे लोग घृणा करेंगे, नफरत करेंगे कि हमने उनकी अलग कालोनी बना रहे हैं।

एक माननीय सदस्य ने कहा और यह बात अखबारों में आई है, जार्ज साहब का बयान भी आया है कि जगमोहन उनको चलने नहीं देता है।

तो हम जानना चाहते हैं कि हमारे देश पर राज कौन करता है, हमारे चुने हुए मंत्री, आप लोग राज करते हैं या नहीं, वह जगमोहन करता है, यानी वह डिक्टेटर हो गया है वहां यह लज्जाजनक स्थिति क्यों है? हमारे मंत्रियों की, जो जनता के चुने हुए प्रतिनिधि हैं, जिनके हाथ में यह राज्य सौंपा गया है, जिन पर इस पार्लियामेंट का विश्वास है उसकी बात वह मानता नहीं है, यह हो क्या गया है? आप लोगों के कब्जे में कोई बात है या नहीं है?

इसीलिए हम आपसे यह कहेंगे—पहले भी ऐसी बातें आई हैं, मन मरजी उन्होंने वहां की असेम्बली को भंग कर दिया था, न पूछा न गाछा, कुछ नहीं हुआ, वह लगातार ऐसा करते जा रहे हैं। इसलिए मैं आपसे जानना चाहूंगा कि क्या आप वहां सुप्रीम कोर्ट के जज के जरिए अर्थी पर कैसे गोली चली, कैसे लोग मारे गये, इस बात की जांच करायेंगे और देश को आश्वस्त करेंगे इस बात से कि वहां नंगी डिक्टेटरशिप नहीं हो गई है। इस बात की जांच की जानी चाहिए।

हम सरकार की इस मामले में इस असफलता के लिए निंदा करते हैं। जहां तक मौलवी फारूख साहब की हत्या की बात है, उसकी भी पूरी तरह से जांच की जानी चाहिए, लोगों को विश्वास होना चाहिए कि यह किसने किया है। मैं इन सवालों को आपके सामने रख रहा हूं।

SHRI RAJ MOHAN GANDHI (Uttar Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, in the mounting sequence of tragic and shocking events, in Kashmir what has happened yesterday is perhaps the most shocking and the most tragic. I absolutely agree with what Shri Chaturanan Mishraji has said just now, that it is extremely tragic

and indeed shameful that there was firing on a funeral procession.

I am perfectly prepared to accept the statement that terrorists mingled with the unruly crowd and started firing at the security forces. This may be true. However, as Chaturananji has pointed out, if the terrorists had mingled with the unruly crowd and had AK-47 rifles, weapons and other firearms, how is it that not one person among the security forces has lost his life? Mr. Vice-Chairman, while fully appreciating the hardships, dilemmas, difficulties and risks taken by all those who are trying to cooperate with the Administration in Kashmir, these questions are really before us. It is absolutely imperative, in view of all the reports that are coming in, to be clear whether 27 were killed or many more were killed. Another point I would like to ask the honourable Minister is: The statement says-and very rightly—that people all over the country would want to join the Minister in condemning the dastardly, criminal act of killing Maulvi Farooq. At the same time, I believe that this House would also like to join him in sending its condolences to the members of the bereaved families of all those who were killed in the funeral procession, in addition to the family of Maulvi Farooq.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): Are you through?

SHRI RAJ MOHAN GANDHI: No, just two more points. I would like to ask the Government whether it intends to take further steps to seek the cooperation of all parties. What will be the Government's next step to seek the cooperation of all parties to deal with the situation? Finally, will the Government now also look for fresh initiatives and new ideas to cope with the Kashmir situation? Thank you.

SHRI MAKHAN LAL FOTEDAR: Mr. Vice-Chairman, Sir, the assassination of Maulvi Farooq under tragic circumstances yesterday is condemnable. The people of Kashmir as also the peace-loving people of India join us in condemning the dastardly act of those who killed this popular religious leader of Kashmir, popularly known as the Mirwaiz of Kashmir. His passing away under such circumstances and in the present situation is a loss to this country, and to me personally. I would like to confine my clarifications only to this dastardly act which has been committed yesterday at Nagin Bagh in Srinagar.

The statement of the Minister of State for Home has, in paragraph 2, mentioned that "The youth talked in Kashmiri with the chowkidar at the gate." The very fact that the Government or the Minister has used these words, "The youth talked in Kashmiri," makes it all the more intriguing. There was no need to use the word "Kashmiri," whether the militants talked in one language or the other.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN (Madhya Pradesh): Why do you want to suppress the information, Sir?

SHRI MAKHAN LAL FOTEDAR: I am coming to that. My information is that many Afghan rebels, infiltrators. have entered Kashmir. I do not know which militant class has committed this dastardly act. This word "Kashmiri" in the statement makes it very intriguing and very mysterious also. I would like the Government to clarify its position.

Second, anybody who deals with the Kashmir matters or who knows what Kashmir is, especially when the Home Minister of India is a Kashmiri, should understand the status and the popularity of Moulvi Farooq in the city of Kashmir. I do not know whether the curfew was on at the time or it was clamped immediately after his assassination. If it was on, the Government, in its wisdom, should have

[Shri Makhanlal Fotedar]

removed the curfew, and the state should have, under such circumstances, joined the mourning procession. This way the Government would have won the hearts of the Muslims, the people of Kashmir. If there was no curfew and the curfew was imposed after his assassination, then the decision to clamp the curfew was not only unwise but I should say that it was heinous, administratively reprehensible and politically, I should say, very unwise.

Mr. Vice-Chairman, I have said some time ago that what Kashmir requires today is not a Kakkar Khan, but Kashmir requires a healing touch. We should have a person of the stature of Gopalswamy Iyengar or Harikrishna Kaul who were once upon a time Prime Ministers of Kashmir, who had worked for secular, democratic and nationalist forces in Kashmir. I can say with all force at my command that the way the Government behaving in Kashmir, the people have been totally alienated. Not even a single soul, single man or woman in Kashmir, is in favour of the Government. I do not know whether the birds will be in our favour, the way the Government is behaving in Kashmir.

Sir, it is said, it was rumoured in the Central Hall, that Mirwaiz Moulvi Farooq had made some statement before the doctor. I do not know whether any such statement has been made by him, whether the statement is verbal or it is in writing. Whatever it is, it can be treated as a dying declaration. I would like to know this from the Government. In case he has made any such statement, the Government should come out openly about this.

I share the sentiments expressed by Mr. Chaturanan Mishra, what he said about —I should not say "wrong" —no policy pursued or followed by this Government on Kashmir. I join him in demanding a probe into the killngs of innocent Kashmiris yesterday in the morning procession by no less a person than a sitting judge of the Supreme Court of India. It is all the more reprehensible that the Government has attacked and killed the procession of mourners. In addition to that I would like to say—the vacillating Prime Minister by now must have understood what Kashmir is—that the Parliament should appoint a Joint Parliamentary Committee to visit Kashmir within two days and report back to both Houses of Parliament within three days as to what is happening in Kashmir.

DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY (Andhra Pradesh): About this incident?

SHRI MAKHAN LAL FOTEDAR: Yes about this incident. Not about other things. You just listen to me. Let me finish. I don't think the Prime Minister will ever agree to have a probe into other things. He will never agree to it. But don't worry, we would not ask to go into things like that. Please don't ask me. I am very emotional on the death of Moulvi Farooq. So far as this incident of firing on the mourners is concerned, there are two things in Kashmir and outside Kashmir. So far as this targic incident is concerned, the Parliamentary Committee should go to Kashmir and find out the facts within two days and then within three lays it should report to the Chairman and the Speaker of the Lok Sabha. This is my demand. I think most of the Members would join me in this. Mishraji, would you join? The leader of the House is not here. He is a reasonable person. Yes. the reasonable man has come. I think Mr. Gurupadaswamy will agree. I repeat that a Joint Parliamntary Committee should visit Kashmir with-in two days as a fact-finding mission to find out the circumstances which led to the alleged firing on the mourners or the alleged firing otherwise. That Parliamentary Committee should report back within three days to the Speaker and to the Chairman of the Rajya Sabha. This will be the best healing touch. I hope Kashmir has been and still is a place of sages and saints, a place of the Rishis and a place of—I should say even up till now—communal harmony and amity. If we act politically and if we do not allow it to act in different directions I hope there is still some hope. With these

words I condemn the killing of the Mirwaiz of Kashmir. I codemn the action of the assassins. I condemn the attitude of the Government in not providing the necessary rescurity to—Moulvi Farooq, even if he had said that he did not require security. In the civilian dress it should have been provided. I would like to know from the Home Minister—not the Minister of State for Home—why in the civilian dress the security was not provided to him. I would like the Home Minister to answer my questions.

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश)** श्रीमन्, यह दुखद घटना हुई है और यह पहली बार नहीं है, कई बार हो चुकी है। मौलवी फारूखी की हत्या और उसके पहले पंजाब में जो हत्याएं हुई हैं, उनमें एक समानता दिखती है। पंजाब में भी कई बार टैरेरिस्ट एप्वाइंटमेंट लेकर वहां मिलने के बहाने से गए और उन्होंने गोली मार दी। इस प्रकार की घटना जम्मू-कश्मीर में पहली है। इससे साबित होता है कि कोई न कोई विदेशी हाथ-पाकिस्तान हाथ है, एक कोमन पैटर्न है, जिसको उन्होंने अपनाया है।.. (**व्यवधान**)

**श्री सैयद सिब्ते रज़ी** : पकड़ा क्यों नहीं ?

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** : मेरे मित्र ने पूछा कि पकड़ क्यों नहीं पा रहे आप ? मैं बड़े अदब के साथ कहना चाहूंगा कि यह आपके कारनामे हैं सन् 47 से लेकर 90 तक के जिन्होंने यह हालत पैदा की है ... (**व्यवधान**))

**श्री सैयद सिब्ते रज़ी** : यह बिल्कुल गलत है। यह सरकार निकम्मी है। वहां का प्रशासन निकम्मा है। जगमोहन के कारण यह सब कुछ हो रहा है और पकड़ नहीं पा रहे हैं।

**श्री भंवर लाल पंवार** (राजस्थान) : बाहर से जो आपके सैलानी आते थे, वे आ रहे हैं क्या ? यही एक बात है। ... (**व्यवधान**) ...

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** : जब बात छेड़ ही दी है तो एक बात मैं कहना चाहूंगा कि कश्मीर के अंदर .. (व्यवधान) ..

**उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी. ठाकुर)** : मेरा अनुरोध है कि कृपया आप अपने विषय पर ही रहें।

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** : कश्मीर के हालात् आज की देन नहीं है, सन् 47 में जो एक्सेशन हुआ था उसके बाद से यह होना आरम्भ हुआ है। मैं याद दिलाना चाहूंगा सन् 53 में, अब जब बात छेड़ी है तो जरा सुनने के लिए तैयार रहिए, जब डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की हत्या हुई। 23 जून, 1953 को हत्या होती है और 8 या 9 अगस्त को शेख मोहम्मद अब्दुल्ला को जवाहर लाल जी स्वयं जेल में डाल देते हैं। क्या हुआ था इस डेढ़ महीने के अंदर ? सिवाय इसके कि शेख अब्दुल्ला की सरकार थी एंटी नेशनल, वह बात जवाहर लाल जी के सामने आ गई थी ... (**व्यवधान**) ...

**श्री शब्बीर अहमद सलारिया** (जम्मू और कश्मीर) : मान्यवर, ... (**व्यवधान**) ..

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): Please sit down.

SHRI S. S. AHLUWALIA (Bihar): Sir, I am on a point of information.

**उपसभाध्यक्ष (प्रो. चन्द्रेश पी. ठाकुर)** : माथुर साहब, मिनिस्टर का स्टेटमेंट हुआ है ... (**व्यवधान**) ...

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** : आपने सबको भूमिका बांधने दी है।

**उपसभाध्यक्ष (प्रो. चन्द्रेश पी. ठाकुर)** सदन की परम्परा के मुताबिक हम सांसदों को हक है कि हम क्लेरिफिकेशन पूछें। क्लेरिफिकेशन पूछते समय अगर कुछ भूमिका के रूप में संबद्ध बातें कहनी हों तो हम कहें, लेकिन यह शायद एक बहुत बड़ा बवाल खड़ा करे, यह अच्छा नहीं है।

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर :** बवाल खड़ा करने की बात नहीं है। यह धारणा कि कश्मीर की समस्या पिछले दो-चार महीने में पैदा हुई है, यह गलत है। यह दो-चार महीने में पैदा नहीं हुई है, यह मेरा कहना है **(व्यवधान)** . . .

SHRI S. S. AHLUWALIA: Sir, I am on a point of order.

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर :** कश्मीर के बहुत से लोगों ने* की है। सन् 47 से आज तक बहुत से लोगों ने की है . . **(व्यवधान)** . .

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): This will not go on record...(*Interruptions*)... Please sit down.

SHRI SYED SIBTEY RAZI: It should be expunged from the record.

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर :** कश्मीर के बहुत से लोगों ने* की है। जो पाकिस्तान लाने की बात करते हैं, यह* है। . . . **(व्यवधान)** . . .

I will stand by whatever I have said .. (*Interruptions*) . . .

SHRI SYED SIBTEY RAZI:*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): Nothing will go on record.

SHRI S. S. AHLUWALIA: Sir. I am on a point of order.

. . . (*Interruptions*) . . .

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): Please sit down. He is on a point of order.

**श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया :** महोदय, अभी हम होम मिनिस्टर के कश्मीर पर दिए गए स्टेटमेंट पर स्पष्टीकरण पूछ रहे हैं और स्पष्टीकरण पूछते वक्त मुझे लगता है कि इस सरकार की कुछ ऐसी नीति है कि मुल्क में सांप्रदायिकतावाद का ध्वंस हो, साम्प्रदायिकता बढ़े नहीं। पर हमारे माननीय सदस्य माथुर साहब ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की हत्या का माला उठाकर मुझे एक बात याद दिला दी है और मैं आपके माध्यम से इस सदन को भी बताना चाहता हूं और आपका रूलिंग भी चाहूंगा कि अगर आज ये श्यामा प्रसाद मुखर्जी की हत्या की बात करते हैं तो महात्मा गांधी की हत्या के बाद आज की वर्तमान जनता पार्टी के, भूतपूर्व जनसंघ के कितने सदस्यों के खिलाफ केस बने थे, और कितने जनसंघी अरेस्ट हुए थे ? उसमें आपके अटल बिहारी वाजपेयी के घर की कुर्की की गई थी . . . **(व्यवधान)**

महात्मा गांधी के हत्यारे लोग आज यह बात कह रहे हैं . . . **(व्यवधान)**

**डा. जिनेन्द्र कुमार जैन :** उपसभाध्यक्ष जी, क्या यह प्वाइंट आफ आर्डर था।

**उपसभाध्यक्ष (प्रो. चन्द्रेश पी. ठाकुर) :** कश्मीर में जो घटना हुई है, सारा देश उससे संतप्त है। अभी उस पर मिनिस्टर का स्टेटमेंट हुआ है। हम देश की भावनाओं के साथ क्लैरिफिकेशंस के जरिए अपने आपको जोड़ना चाहते हैं लेकिन अगर कोई व्यक्ति इस अवसर पर ऐसा उपयोग करता है जिससे भावनाएं और भड़कती हैं तो इसमें हमें अपने ऊपर कुछ माडरेशन रखना पड़ेगा।

इसलिए माथुर साहब, आप बुजुर्ग आदमी हैं, सुलझे हुए आदमी हैं, आपका राजनीतिक नजरिया है। आपके अपने और मंच हैं उनका सहारा लीजिए लेकिन इस स्टेटमेंट से संबंधित जो प्रश्न उठता है केवल उसी पर क्लैरिफिकेशन पूछिए।

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर :** महोदय, . . . . **(व्यवधान)**

THE VICE CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): The Minister wants to say something.

**श्री सुबोधकांत सहाय :** उपसभाध्यक्ष महोदय, शेख अब्दुल्ला साहब की गिरफ्तारी किन परिस्थितियों में हुई थी, उसमें मैं नहीं जाना चाहता लेकिन इतना अवश्य कहना चाहता हूं कि के

*Not recorded.

नेशनल लीडर थे और किसी भी स्तर पर सरकार उनको एंटीनेशनेलिस्ट नही मानती है।

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** : मैं मंत्री महोदय के वक्तव्य का खंडन नहीं करता। मैंने एक फैक्ट कहा था कि उनको जेल में डाला गया। लगभग बीस साल वे जेल में रहे ... (**व्यवधान**)

**डा० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या कह रहे हो ?

**श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया** : ये मुल्क में दंगा करवाना चाहते हैं। ये हिंदु और मुसलमान की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं ... (**व्यवधान**)

**डा० जिनेन्द्र कुमार जैन** : उपसभाध्यक्ष महोदय, क्या इस सदन में एक ही मेंबर बोल सकता है ? यह क्या बहस हो रही है ?

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** : श्रीमन्, मैं यह कहकर समाप्त करूंगा कि कश्मीर की जो आज की स्थिति है वह पिछले चार-छह महीनों की पैदा की हुई नही है। वहां पर जो 1947 से आने वाली सरकारें है, उनकी गलतियों का खामियाजा आज भुगतना पड़ रहा है।

**उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर)** : क्लैरिफिकेशन आपने क्या पूछना है ?

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** : आपने और लंबे-लंबे भाषण क्यों सुने? ... (**व्यवधान**) मुझे बोलने दीजिए ... (**व्यवधान**)

**डा० रत्नाकर पाण्डेय** : मैं राष्ट्रीय भावना से बोलता हूं। धार्मिक उन्माद में नहीं बोलता हूं। आप धार्मिक उन्माद में पागल होकर बोल रहे हैं ... (**व्यवधान**)

**डा० जिनेन्द्र कुमार जैन** : उपसभाध्यक्ष जी, यह हाउस बुलाने का कौन सा तरीका ?

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** : श्रीमन्, यह जो हत्या हुई है इसके पीछे निश्चित रूप से कोई न कोई राजनीति है क्योंकि आज जो आंदोलन वहां चल रहा है टैररिस्ट्स का, वह राजनीति से प्रेरित है। उनमें से कुछ लोग ऐसे हैं जो पाकिस्तान के साथ एक्सैशन चाहते हैं। कुछ लोग ऐसे हैं जो आजाद कश्मीर चाहते हैं। मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहूंगा कि मौलवी फारुक इस बीच में कहां खड़े थे ? अगर मैं पिछले दिनों के उनके कई साल के बयानात को देखें तो वह प्लेबिसाईट के हामी थी, वह प्लेबिसाईट कराना चाहते थे, हिन्दुस्तान के साथ विलय उनका मंतव्य नहीं था, तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि उनके और जो तथाकथित टैरोरिस्ट हैं उनके ख्यालात में कहां अन्तर था जिस ख्यालात की वजह से उनका मर्डर किया गया ? यह भी समाचार छपते रहे हैं कि वे कुछ न कुछ मध्यस्थता कर रहे थे तो मुझे बतायेंगे कि आखिरी बार वे किस टैरोरिस्ट के साथ किस ग्रुप के साथ उनकी भेंट हुई थी और वे टैरोरिस्ट प्लेबिसाईट वाले थे या जो टैरोरिस्ट पाकिस्तान के हामी हैं। उनके ग्रुप के साथ भेंट हुई थी। आखिरी मुलाकात मौलवी फारुक साहब की किस-किससे हुई थी ? दूसरे, क्या सरकार के किसी आदमी से भी उनकी भेंट हुई थी ? क्या यह सच है कि वह मध्यस्थता कर रहे थे ? अगर मध्यस्थता करते हुये आदमी को कत्ल किया गया तो साफ बात है कि उसमें कुछ न कुछ गहराई है।

दूसरी बात, जो मेरे साथी ने अभी इधर से पूछी थी, मैं उससे सहमत हूं, शायद फोतेदार साहब ने पूछा था। यह बयान में कहा गया है कि जो हत्यारे थे उन्होंने कश्मीर में पूछा था। आपका काश्मीरी शब्द कहने का अर्थ क्या है ? दूसरे, प्रोफेसर जी ने पूछा कि यह भी बयान आया है कि फारुक साहब ने मरने से पहले यह कहा कि मारने वालों ने उर्दू या हिन्दी यानी नान-कश्मीरी के अन्दर बात की थी। मैं पूछना चाहूंगा कि क्या मौलवी फारुक का कोई डाइंग

[श्री जगदीश प्रसाद माथुर]

डिक्लेरेशन है ? और अगर डाइंग डिक्लेरेशन है तो क्या वह उसको बताना उचित समझेंगे कि उनका शक कहां है? और किस पर है ?

यह भी कहा जा रहा है कि वहां पर फौज ने गोली चलायी। ठीक बात है गोली चलायी और मंत्री महोदय ने भी स्वीकार किया है कि उन्होंने सैल्फ डिफेंस में गोली चलायी। अखबार में छपा है कि जब उनका शव सरकार ले आयी तो कुछ लोग जबरदस्ती उसको छीनकर ले गये। क्या यह ठीक है कि छीनकर ले गये ? अगर छीनकर ले गये तो कौन लोग ले गये ? बयान में कहा गया है कि जब उनकी शवयात्रा निकली तो यह उसके अन्दर कुछ टैरोरिस्ट मौजूद थे । तो क्या सरकार के लोगों को कुछ अंदाजा नहीं था कि पहले से कि शवयात्रा निकलेगी और टैरोरिस्ट उसमें शामिल हो सकते हैं। अगर यह शामिल थे तो क्यों पहले से कोई न कोई जानकारी प्राप्त नहीं थी तथा क्यों डिफेंसिंग मेजर लेकर प्रोटेक्शन नहीं दिया गया? दूसरे जो केस चलेगा क्योंकि कहा गया है कि इंक्वायरी हुई है। तो मैं पूछना चाहूंगा कि क्या मर्डर का केस जब एफ. आई. आर. होगी उस वक्त से चलाया जायेगा ? किस तरह से इंक्वायरी की जायेगी और किस कानून के तहत उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी ? दूसरे, धारणा यह बन रही है कि मानो केवल फौज ने गोली चलायी है। उससे लोग मरे हैं । सौ-पचास जितने भी मरे हैं मैं संख्या नहीं जानता। कितने मरे हैं? क्या उन शवों का,डैड बाडीज का शव परीक्षण हुआ ? अगर शव परीक्षण हुआ है तो यह अंदाज लगा सकते कि कितने फौज की गोलियों से मरे हैं और कितने जो टैरोरिस्ट अन्दर थे उनक गोलियों से मरे हैं, इससे बात साफ हो जायेगी। यह दो-चार सवाल है। प्रमुख बात अंत की और पहली, यह है कि फारूक साहब के सियासी ख्यालात क्या थे ? मेरी जानकारी के अनुसार वे प्लेबिसाईट के मानने वाले थे और उनकी टैरोरिस्ट के किस ग्रुप से बातचीत हुई थी आखिर में ?

**श्री सुरेश पचौरी** (मध्य प्रदेश) : मान्यवर, .... (व्यवधान)

**श्री शब्बी अहमद सलारिया** : वाकफियत यह है.... (व्यवधान)

**श्री सुरेश पचौरी** : बोलिये-बोलिये, आपका जरा नाजुक मामला है।

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Mr. Vice-Chairman, strictly speaking, we were the first ones, myself and Mr. Salaria, to be given the opportunity through a special mention. When the statement came, we were given the understanding that we would be called first. But I regret to say that we have been put at the bottom of the list.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): Not the bottom. The bottom is really much lower.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: We had given the Special Mention and this morning, because of what happened, we could not raise it...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF CHANDRESH P. THAKUR): You are an able parliamentarian and you know how all this happens.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: That is right. But we have been sitting here waiting to be called. This is not proper. That those who have given a Special Mention should be asked to wait in this manner is not proper.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): I agree that these are three names in this Special Mention on this issue and they are before me. But, in the meantime, some people had some urgent work and they wanted to speak on this. You can see how much of heat has been generated.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Anyhow, you should call us next.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): I will keep that in view But, you see, he had to attend a meeting and so, he had to be called.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: I have also to attend meetings; I have to attend four meetings today.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): All right. Yes, Mr. Pachouri.

श्री सुरेश पचौरी : मान्यवर, गृह मंत्री जी ने जो अभी वक्तव्य दिया है उसको पढ़ने से ऐसा लगता है कि वह गृह मंत्री का वक्तव्य न हो कर किसी सुरक्षा बल के अधिकारी का वक्तव्य है। आवामी एक्शन कमेटी के अध्यक्ष मौलाना मौलवी फारुक की जो हत्या हुई है वह अत्यन्त दुर्भाग्यजनक है। अक्सर यह देखा जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर में जो भी नेशनलिस्टस हैं उनकी सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं किया जा रहा है और उन की बराबर, लगातार हत्यायें हो रही हैं। पिछले दिनों में जो हत्यायें हुई हैं उनके प्रति सदन ने चिंता व्यक्त की थी। दूरदर्शन के स्टेशन डायरेक्टर ने भी, जो स्वर्गवासी हो गये हैं, गवर्नर हाऊस में अपनी सुरक्षा की मांग की थी जो उन्हें प्रदान नहीं की गयी और उसके बाद उनकी हत्या की गयी। इसके अलावा और भी ऐसी हत्यायें हुई हैं जिनसे यह साबित होता है कि राज्यपाल ने वहां के लोगों को, जो नेशन-लिस्ट्स हैं, सुरक्षा प्रदान नहीं की, उसके उपरांत उनकी हत्या हुई। मौलवी फारुक के साथ भी यही हादसा हुआ यद्यपि उनको बराबर धमकियां दी जा रही थीं। जमायते इस्लामी का जो सहयोगी गुट है हैजबुल्ला मुजाहिदीन उन्होंने मौलवी फारुक साहब को धमकी दी थी। मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि जमायते इस्लामी के सहयोगी गुट हैजबुल्ला मुजाहिदीन ने उनको धमकी दी थी ? यदि इस बात की जानकारी है तो सरकार की तरफ से उनकी सुरक्षा के क्या प्रबंध किये गये ? दूसरे मौलवी फारुक साहब के घर के आस-पास उनके निवास पर सुरक्षा के क्या प्रबंध थे यह मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं। मौलवी फारुक साहब समय समय पर वहां के गवर्नर जगमोहन के बारे में एवं उनकी शंकास्पद गतिविधियों के बारे में बोलते रहे। मैं जानना चाहता हूं कि क्या आक्रमणकारी इस बात के लिये आश्वस्त थे, यदि वह उनके ऊपर आक्रमण करेंगे तो उनके खिलाफ अविलम्ब कोई ऐसी कार्रवाई नहीं की जा सकेगी जिससे उनको पकड़ा जा सके। लगातार यह बात हमारे सामने आ रही है। कश्मीर के प्रभारी मंत्री जार्ज फर्नांडिज की मौलवी साहब के साथ वार्ता हो रही थी। यह वार्ता वहां कश्मीर में शांति स्थापित करने के लिये हो रही थी जो कि वहां के गवर्नर जगमोहन को नहीं भा रही थी। जब मीरवाइज की हत्या हुई, तो क्या यह सही है कि यह सरकार की नालिज में है मीरवाइज फारुक के परिवारजनों ने यह कामेंट किया था कि मौलवी फारूक साहब की हत्या होने के बाद गवर्नर जग-मोहन के मन को शांति हो गयी होगी? जगमोहन को यह संदेश दे दिया जाये कि उनकी अब हत्या हो गयी है। उनके परिवारजन का यह वक्तव्य अत्यन्त संदेहास्पद है। उनकी डाटर ने जो कहा था सरकार को उनके वक्तव्य को बहुत गंभीरता से लेना चाहिये। साथ ही सारे उन लोगों को लगातार धमकियां मिल रही हैं जो कश्मीर के प्रभारी मंत्री जार्ज फर्नांडीज के माध्यम से केन्द्र सरकार से बातचीत करने के लिए तैयार हो रहे हैं। मंत्री जी ने अपने वक्तव्य में यह कहा कि कुछ आतंकवादी उपद्रवी भीड़ के साथ मिल गये। मैं जानना चाहता हूं कि मंत्री जी के पास कौन सा ऐसा बैरोमीटर है जिससे उन्होंने जान लिया कि कुछ आतंकवादी उस भीड़ में शामिल हो गये? यदि आतंकवादी भीड़ में शामिल हो गये तो सरकार ने उन आतंकवादियों को पकड़ने के लिए क्या कार्रवाही की ? और उन आतंकवादियों की अगली गतिविधियां और न होने पायें ताकि मासूम लोगों की जो जानें गई हैं और जो सौ से भी ऊपर हैं, उनके संबंध में सरकार

[श्री सुरेश पचौरी]

के निकम्मेपन के लिए सरकार का क्या वक्तव्य है, मैं आपसे यह जानना चाहता हूं।

5.00 P.M.

एक और गम्भीर बात हमारे नोटिस में आई है। जम्मू काश्मीर की सशस्त्र पुलिस के करीब आठ सौ जवान अपनी बटालियनों से लगभग एक माह से गायब है और जो यह कहा गया है कि जमायते इस्लामी के सहयोगी संगठनों ने मौलवी फारूख के धमकी दी थी और इन आठ सौ जवानों की भर्ती पुराने आई.जी. पुलिस गुलाम बिलारी ने की थी जिनका संबंध जमायते इस्लामी और दूसरी संस्थाओं से रहा है, इसलिए जमायते इस्लामी के सहयोगी संगठनों ने मौलवी फारूख साहब को जान से मारने की धमकी दी थी तो मंत्री जी अपने वक्तव्य में इस संबंध में भी चर्चा करें और यह भी देखें कि पिछले एक माह से जो आठ सौ सशस्त्र पुलिस के जवान गायब हैं वे तब से किन गतिविधियों में शामिल हैं और कहीं जम्मू काश्मीर में ये जो आतंकवादी गतिविधियाँ हो रही हैं या जो हत्यायें हो रही हैं, कहीं उनमें तो इनका साथ नहीं है, आपके माध्यम से मैं यह भी जानना चाहूंगा।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): Now Mr. Subramanian Swamy.

SHRI H. HANUMANTHAPPA (Karnataka): Sir, some Cabinet Minister should be present when we are discussing such a serious thing. I don't doubt the ability of the Deputy Minister. But see how the Government is treating an important subject like this. The Government should not take this issue so casually.

SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY (Assam): The Home Minister is sitting here.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P THAKUR): There are three Ministers sitting and they wll convey this message to the Government.

SHRI H. HANUMANTHAPPA: They are scientists and technocrats.

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): This House is taken for a ride by this Government because several issues are raised by the Members and none of the Government spokesmen is present to reply to those points. Various important issues like the arrest warrant against Mr. Satish Sharma, an honourable Member of this House, have been raised but the Government is not responding. Moreover, the Prime Minister was not present during the Question Hour. He was conspicuous by his absence. He was supposed to be present in the House today.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): I have heard you. Let me make one or two things. I think technically three Ministers are sitting here and so far as the rules are concerned, everything is in order. But I think one must realise that no House can be taken for granted. I am not saying that the Government has taken the House for granted. But the feelings strongly expressed by the Members of the House should be taken note of by the Government. That is my only request.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Mr. Vice-Chairman, yesterday two ghastly crimes were committed in Srinagar. The first one was the assassination of Maulvi Farooq and the second was the death of a large number of innocent persons by police firing on the mourners that came to take the body of Maulvi Farooq. And I share the sentiments of a large section of this House that the Government is taking it very casually. When Kashmir is burning, the Minister designated specially for Kashmir is in Cairo. What for? To attend a conference of the Socialist International. I cannot believe that Kashmir can be a lower priority than the conference of Socialist International in Cairo. Therefore, either the Prime Minister should immediately ask him to come back or he should sack this Minister and deprive him of this portfolio (*Interruption*) Now please don't speak on behalf of the Government. There are Ministers sitting here. And your representation in the Janata Dal Government is nothing. So I condemn, the whole nation condemns, the action of the

terrorists and those sneaky gentlemen who played foul, who cheated the chowkidar, went inside and assassinated Maulvi Farooq inside his drawing room. I, Mr. Vice-Chairman, knew Maulvi Farooq. In his youth he may have any views. But in 1977 he joined with the Janata Party and since then...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): Which Janata Party?

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Well, the then Janata Party. There has been only one Janata Party.

AN HON. MEMBER: Of which Mr. Subramanian Swamy is the President.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: And others have left. Indeed he was with the Janata Party. And I know, I have been in touch with him, he was a person who spoke for moderation, he spoke for the integrity of the nation, and at the same time of course he also spoke of the anguish that the people of Kashmir had. So I would say that we have to look at it, while condemning the action of the terrorists the response to that should not be such that we become just like them. The statement of the Minister says that some terrorists with AK-47 started firing and in self-defence our security forces fired. According to them, 27 people died. But according to unofficial reports, as many as 100 people have died. Now, of security persons hardly anybody died. Not that I want our security forces to die. But I cannot believe that if the terrorists were inside the mob, inside the crowd, and were indiscriminately firing with AK-47, our security forces would not have received injuries. Therefore, I consider it as a concocted version of what really happened and it is totally unbelievable even on the basis of the facts presented by the Minister.

Mr. Vice-Chairman, Sir, when you allow security forces unbriddled freedom these things get out of hand. Yesterday my friend, Mr. Salaria, produced for me and he subsequently gave to the Press a police wireless report on what the BSF did to a marriage party. Such reports are coming in gallore in Kashmir. I know that when the police who is given freedom what they can do. In Hashimpur, in Meerut—today it is May 22nd—in 1978, 41 youths were taken arbitrarily and taken to a canal 20 kilometres away, shot one by one and thrown into the canal. That is an act of genocide. Today in Kashmir we have no assurance that the human rights of the people are being protected. I would like a strong action against the terrorist. But at the same time in democracy we must have countervailing institutions to see that the excesses are not committed.

I feel, Mr. Vice-Chairman, Sir, and I would like to know whether the Minister would agree that now Mr. Jagmohan has become a liability. These programmes we have seen the world over, whether in Sri Lanka or in Vietnam or anywhere else, and I think Mr. Jagmohan's bulldozing methods have reached the limit. I do not think any productive result can come from him. And I think he has been functioning in total disregard of human rights. I would like to know whether the Government would consider calling him back and sending a politician who can handle the situation with greater response and with greater feeling for the people there.

Finally, Mr. Vice-Chairman, Sir, I would like to demand the appointment of a Civil Rights Commission for Kashmir, to receive petitions from the people, from whatever sections they may be, about the excesses being committed and a proper hearing on that. I would like to support the proposal made by Mr. Fotedar for a Parliamentary Committee to visit there and find out the situation for itself.

Thank you very much.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : उपसभाध्यक्ष महोदय, मीरवायज मौलवी फारूक की जघन्य हत्या पर जो स्टेटमेंट मंत्री महोदय ने दिया है, मैं मंत्री महोदय से स्पष्टीकरण पूछने के साथ साथ जानना चाहता हूं कि क्या यह सच है कि कश्मीर के गवर्नर जगमोहन की तरफ से इस घटना की भर्त्सना आने के पहले यूनाइटेड नेशंस के सेक्रेटरी जनरल ने इस घटना को और जो जनाज़े पर गोली चलाई गई

[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया]

पुलिस द्वारा उसको कंडम किया है ? क्या यह सच है कि यूनाइटेड नेशंस के सेक्रेटरी जनरल ने ऐसा कोई कंडमनेशन किया है और वहां से बताया है कि ऐसी जो घृणित घटना घटी है यह बड़ी ही घृणित और जघन्य घटना है ? यह पहली बार हिन्दुस्तान के बारे में यूनाइटेड नेशंस के सेक्रेटरी जनरल ने कहा है, यह मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं ?

दूसरा, मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि क्या मौलवी साहब का नाम आतंकवादियों की हिट लिस्ट में पहला नाम था ? आपके इंटेलीजेंस सोर्स क्या कहते हैं ? क्या उनका नाम हिट लिस्ट में था या नहीं था ? मैं सिर्फ इतना ही जानना चाहता हूं। अगर था तो आपने उनकी सुरक्षा की कोई व्यवस्था क्यों नहीं की थी ? महोदय, क्या यह सच है कि मौलवी साहब के पार्थिव शरीर को लेकर जनाजे में करीब एक लाख लोग शामिल थे और वह एक लाख आदमी जब इस्लामिया कालेज के पास से गुजर रहे थे तो उन पर पुलिस फोर्सेज ने बेधड़क गोलियां चलाईं, बिना किसी वार्निंग दिये हुए, बिना किसी को रोके हुए, उन पर गोलियाँ चलाईं जिसके कारण करीब पांच सौ लोग अस्पताल में भर्ती हैं और 117 आदमियों को मृत घोषित कर दिया गया है। महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह पूछना चाहता हूं कि क्या यह सच है कि जम्मू कश्मीर में अस्पतालों में डाक्टरों की हड़ताल चल रही थी ? जब पांच सौ घायल लोगों को जिनमें से 117 मर चुके हैं इन सारों को अस्पताल में पहुंचाया गया तो वहां पर इनको देने के लिए खून नहीं था और जनता खून देने के लिए तैयार थी परन्तु उनसे खून लेने के लिए वहां की सिक्युरिटी फोर्सेज ने कर्फ्यू लगा दिया ताकि लोग जा कर के खून न दे सकें। उसके कारण भी बहुत से लोग मारे गये। क्या यह सच है, अगर यह सच है तो उनके खिलाफ आप क्या क्या कार्यवाही करने जा रहे हैं ? मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या यह बात सच है कि पिछले दिनों दिल्ली में एक चीफ मिनिस्टर्ज कांफ्रेंस में जगमोहन आए थे और उन्होंने प्रधान मंत्री की उपस्थिति में कहा था कि काश्मीर में कांग्रेस पार्टी और नेशनल कांफ्रेंस इररेलेवेंट हो गई हैं। वह अपने इस तथ्य को प्रमाणित करना चाहते थे कि जिसके कारण उन्होंने एक एक करके जितने भी नेशनल लीडर्ज हैं कश्मीर के अन्दर उन सब का सफाया करते जा रहे हैं और हर जगह यही बहाना लगाया जाता है कि उनको सिक्युरिटी दी जा रही थी और उन्होंने कहा कि हम जनता के नेता हैं हमें सिक्युरिटी नहीं चाहिए। इसके पहले मीर मुस्तफा, शेख मंजूर और शेख जब्बार भी इसी तरह से मारे गये। उनको भी सिक्युरिटी नहीं दी गई या उनकी सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की गई थी जिसके कारण वह मारे गये थे। कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था जगमोहन के नेतृत्व में जो कुछ हो रही है उसके जितने किस्से सुनाए जायें वह कम है। मैं आपके माध्यम से इनफारमेशन के लिए खास कर के मंत्री महोदय की इनफारमेशन के लिए पुलिस का एक वायरलेस मेसेज पढ़ कर सुनाना चाहता हूं जिसका उल्लेख चतुरानन मिश्रा जी ने, सुब्रहामण्यम स्वामी जी ने किया है। यह इस प्रकार है —

"TO SP, PCR, Srinagar

From Incharge APCR Srinagar

No. 192823/ARCP.

Situation report from Commandant. Third Battalion, Anantnag, received that during the interening night of 17|18 May, Bus No. 1373|F, carrying 27 persons of a *barat* marriage party was stopped near Badsgam crossing about 2330 hrs. by BSF patrolling party (.) The BSF opened indiscriminate firing upon the bus resulting in instant death of one Abdullah, son of Gani Malik, resident of Lissar, serious injuries to the bridegroom besides 8 others (.) Followed by this. the bride and bride's maid were gang raped by the BSF (.) Bride was taken away by them, and the bride's maid left behind (.) Bus has been removed to DPL Anantnag with 78 bullet hole

marks (.) BSF party claims to have been fired upon by militants, but not satisfied yet (.)"

महोदय, इससे बड़ी शर्म की घटना क्या हो सकती हैं कि आज के आधुनिक युग में ...

**श्री विश्वजित पृथ्वीजित सिंह :** यह पुलिस का मैसेज है ?

**श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया :** यह पुलिस का मैसेज है । यह पुलिस के वायरलेस की कापी है और यह कहती ...

DR. JINENDRA KUMAR JAIN (Madhya Pradesh): Sir, I am on a point of order. I would like to know whether this information is authentic. Let the Home Minister make a comment on it.

**श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया :** मैं पूछ रहा हूं । You are not the Prime Minister. I am seeking a clarification from the Minister.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: I am on a point of order. I want a clarification on this, Sir

SHRI S. S. AHLUWALIA: I am asking the Minister.

SHRI SHABBIR AHMAD SALARIA: Let the Minister say whether it is correct or not

SHRI S. S. AHLUWALIA: Let the Minister inform the House... (*Interruptions*) I take the responsibility for this paper. I am saying that it is an authentic wireless message.

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर :** रूल यह कहता है कि अगर कोई रिपोर्ट पढ़ता है मेम्बर तो उसको उसकी कापी टेबुल पर देनी चाहिए ।

**श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया :** मैं रख दूंगा, यह लीजिए । I am keeping it here. They can clarify it.

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर :** यदि कहीं कोई कहता है तो रखना पड़ेगा ।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): Just a minute. An individual Member is not supposed to lay anything on the Table unless consented to by the Chair. So, do not bring a rule of your imagination, Mr. Mathur.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: This is the procedure.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): I say that anything can be laid on the Table of the House only with the consent of the Chair. And he is just saying that he is quoting, and he is not saying that he is laying on the Table of the House. You have said that this is the rule. This is not the rule.

**श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया :** बी.जे.पी. के सदस्यों को संदेह है कि मैं जो कुछ बोल रहा हूं वह असत्य बोल रहा हूं, पर मुझे जरा सी भी दुविधा नहीं है क्योंकि मैं जो कुछ बोल रहा हूं वह सच बोल रहा हूं और मैं इस कागज की रिस्पांसिबिलिटी लेता हूं । सेंट्रल गवर्नमेंट इस वायरलैस मैसेज को चेक कर सकती है और मैं अपनी पूरी जोर की आवाज में इसकी भर्त्सना करता हूं कि बी.एस.एफ. के जवान एक मैरिज पार्टी की दुल्हन को उठाकर ले जाते हैं, गैंग रेप करते हैं... (**व्यवधान**) । यह वह जमाना लाया जा रहा है कि जब कोई भी गरीब आदमी शादी करके लाता था तो उसकी दुलहन को मुखिया के यहां रख लिया जाता था । इस तरह के पुलिस के राज में यह मुखिया राज लाया जा रहा है और पुलिस क्वार्टर में अपनी बहू को पहुंचाना पड़ता है । यह जगमोहन का राज है । वह महिला

[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया]

पुलिस के हेडक्वार्टर में नहीं है तो हो सकता है तलाश करने पर गवर्नर के घर पर मिले । इस तरह का राज काश्मीर में चल रहा है । शर्म आनी चाहिए ... (व्यवधान)

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** : यह बात वक्तव्य के साथ है ? Is it relevant?

**श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया** : महोदय, जो कुछ काश्मीर में घट रहा है, जितना कम कहा जाए काफी है । मैं आपके माध्यम से अपने स्पष्टीकरण का जवाब जानना चाहूंगा और इसके साथ-साथ मांग करूंगा कि काश्मीर में अगर शांति चाहिए, काश्मीर को अगर भारत का अंग बनाकर रखना है तो जगमोहन को वापस बुलाओ क्योंकि ये तश्तरी में डालकर आपरेशन टोपाज का इशारा करके जिया उल हक के देश की बेनजीर की गोदी में डाल देना चाहते हैं । काश्मीर को कभी कोई हिंदुस्तानी खोना नहीं चाहता है । काश्मीर हिंदुस्तान का अंग है और अंग रहेगा । पर इस तरह के लोग अगर ऐसा ही रवैया अपनाते रहेंगे तो इन पुलिस के अत्याचारों के कारण वहां का साधारण आदमी भी खिलाफत का झंडा उठायेगा और जेहाद करेगा । उस जेहाद को रोकने के लिए कम से कम ये पुलिस राज बंद कराइये और इस तरह का अत्याचार बंद कराइये । मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि ... जगमोहन को वापिस बुलाया जाए । दूसरा उस आपरेशन टोपाज की कंस्पीरेसी के हिस्सेदार जार्ज फर्नांडीज को तुरन्त कहा जाए कि इस्तीफा दे, क्योंकि आज उसके सामने मौलवी फारुख की हत्या इम्पोर्टेन्ट नहीं थी इंटरनेशनल फोरम पर कायरों में भाषण देना इम्पोर्टेन्ट था और वह बाहर गया हुआ है । उसे तुरंत वापिस बुलाया जाए और उसका इस्तीफा लिया जाए ।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): The procedural wrangle apart—I do not think the paper is considered as laid on the Table of the House—if whatever Mr. Ahluwalia has quoted has any iota of authenticity, I would like the Minister and the Government to take note of it. One would like to see that no such reprehensible and deplorable things take place in a country of which we would like to be proud citizens.

Shri Salaria.

SHRI SHABBIR AHMAD SALARIA: Mr. Vice-Chairman, Sir, the murder of Maulvi Farooq is very sad and shocking. The statement made by the hon. Minister is equally disappointing. It gives an unsatisfactory explanation and, in fact, the statement has given rise to many questions.

There is a veritable report that the coffin which was being carried was sought to be snatched away by the security forces. The people did not allow them to do so and they were fired upon by the security forces.

SHRI VISHVJIT P. SINGH: Horrible.

SHRI SHABBIR AHMAD SALARIA: This is the version. Will the hon. Minister go into it and point out whether it is correct or not ?

Secondly, will the hon. Minister also bear me out that 319 women died during labour due to the reason that they could not get any medical aid because of the long spells of curfew?

Thirdly, will the hon. Minister clarify in regard to the report on the radio, on the television, and in the newspapers, that none of the terrorist groups operating in Kashmir have claimed responsibility? On the other hand, there is a statement made by no less a person than Mr. Jagmohan, not only to the extent that the National Conference and the Congress (I) have become irrelevant, but he also said that a new leadership shall have to be created. I would like to know whether he is doing all these

things, or, getting these things done, with a view to creating this new leadership in Kashmir.

Fourthly, I would ask the hon. Minister to go into the question that the firing was resorted to without any provocation and that it resulted in the death of not 27, but 117 people.

SHRI RAFIQUE ALAM (Bihar): Butchering.

SHRI SHABBIR AHMAD SALARIA: Till yesterday, 302 persons were declared to have been seriously injured, grievously injured.

I would like to ask some more questions. I would like to know whether any F.I.R. has been filed in regard to the hundred odd persons who have been killed, or, whatever is the number of persons killed, as a result of the firing by the security forces. If so, who are the persons named as accused?

I would also like to know whether the hon. Minister is aware of the report of the UNO group that during the searches which are done in a savage manner, the articles of the people, their valuables, are stolen and whatever they have in their homes as a provision for use during curfew periods is rendered unfit for use by urinating on them. The search parties say 'you should not be able to eat anything'. This is the report of the UNO group. There is also another report of the UNO group that young men are taken to the ceasefire line, killed and then they are declared to have been killed in encounters. Added to this, as has been said by Mr. Ahluwalia, is the statement of the Secretary-General of the United Nations. What is the statement which has been made by the late Mufti Azam Mirwaiz Farooq about, whom does he implicate? Dr. Ahmadullah, brother of the deceased Maulvi Saheb has said that the persons who came there were not Kashmiri-speaking people, they were non Kashmiri speaking persons who had come there and who were responsible for that dastardly act. How far is it correct? I would request him to please find out whether it is after the coming of the now Governor, Shri Jagmohan, that the exodus of the Kashmiri Pandit minority has taken place and also whether it is only after he came there and took the reins of the Government that the movement for freedom spread to Poonch, Rajouri, Badarwa and Doda. These are some of the very important questions. Kindly note them. Is it a fact whether on account of searches and combing operations which are very savage and brutal, no young person can remain in home and that gives grist to others and thousands of youth of Kashmir are running away from their homes or are already out? If this state of affairs is allowed to continue, if we keep on doing these things, who will be strengthened under the present circumstances? The only way to find out the truth with regard to this incident is that a Supreme Court Judge should be asked to enquire into this episode in which more than 100 lives have been lost, more than 302 persons have been injured. This is a case of great atrocities on peaceful citizens and those who were going in a mourning procession. This speaks of the extent to which the security forces are running berserk in the State. There is no control. The law and order machinery has been let loose to commit atrocities on the people.

How long will the Government wait? Will it consider the replacement of the person by some other person who will be a politician and who will take action so that the conditions in Kashmir improved.

Also, is it a fact that with whomsoever any political precess is started in Kashmir, with whomsoever any talk is undertaken, he becomes the target of I.B.? Is it correct that Abdul Qaym, advocate, has been ordered to be arrested and that all his property has been ordered to be seized or has actually been seized because he has entered into a dialogue with Mr. George Fernandes? In the same vein Mr. George Fernandes has clearly said that the persons with whom he talked, with whom he entered into parleys, are being shadowed by I.B. and are being taken into custody or cases are framed against them. If this state

[Shri Shabbir Ahmed Salaria]

of affairs is allowed to be continued, if the things are being pulled in various directions, how will we be able to save Kashmir or salvage the present situation in Kashmir?

These are my submissions. The Government may clarify and consider them.

डा० अबरार अहमद खान (राजस्थान) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मौलवी फारूक की जो हत्या हुई है और उसके संबंध में जो वक्तव्य दिया गया है यह वक्तव्य बहुत ही इनकंपलीट है और इसमें कई बातें छिपाई गई हैं और मैं बहुत साफ-साफ यह कहना चाहता हूं कि और हत्याओं में और इस हत्या में काफी फर्क है । अगर इन सारे कंटेंट्स को देखा जाए तो मुझे तो साफ तौर से यह लगता है कि इस हत्या में अप्रत्यक्ष रूप से वहां के गवर्नर जगमोहन का पूरा-पूरा हाथ है और महोदय, इस लाइट में इस वक्तव्य को देखें और जो बातें उस हादसे में हुई हैं, उस को देखें तो साफ पता चलता है कि वहां के गवर्नर जगमोहन यह बिल्कुल नहीं चाहते थे कि मौलवी फारूक और ज्यादा जिंदा रहें । महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि हमारे काश्मीर एफेअर्स के मंत्री जार्ज फर्नांडीज और जगमोहन जी के बीच काश्मीर विवाद को हल करने के संबंध में क्या कोई मतभेद थे ? यदि थे तो क्या इस मसले को हल करने के लिए मौलवी फारूक कुछ लोगों को जार्ज फर्नांडीज से मिलाने का प्रयास कर रहे थे या उस में मध्यस्थता कर रहे थे ? इस संदर्भ में मैं यह कहना चाहूंगा कि जगमोहन को यह बिल्कुल पसंद नहीं आ रहा था कि अगर वहा की समस्या हल हो तो उसकी क्रेडिट कोई दूसरा ले जाय । वह यह कतई नहीं चाहते थे जार्ज फर्नांडीज को क्रेडिट मिले और मौलवी फारूक उस में मध्यस्थता करें ।

महोदय, यह जो हत्या हुई उस में मेरी जहां तक जानकारी है, वह सही है या नहीं, यह तो मंत्री जी बतायेंगे, उस दिन वहां कर्फ्यू उस क्षेत्र में था । यदि कर्फ्यू था तो वे तीन लोग मौलवी फारूक के घर तक कैसे पहुचे ? क्या उन्होंने कर्फ्यू पास बनवाया था ? यदि बनवाया था तो किसने बनवाया था ? यह भी एक बहुत ही विचारणीय प्रश्न है ।

महोदय, जो वक्तव्य माननीय मंत्री जी की तरफ से दिया जाता है, उस में जानकारी उस राज्य से ली जाती है, उस राज्य के गवर्नर से या अगर सरकार होती है तो मुख्य मंत्री, गृह मंत्री या जो भी संबंधित अधिकारी हो, उससे ली जाती है। इस वक्तव्य में जो बात माननीय फोतेदार जी ने भी पॉइंट आउट की औा मैं भी कहा रहा हूं, आप उसे उस परिप्रेक्ष्य में देखें । "काश्मीरों में चौकीदार से बात की"—ये शब्द वहां के सूचना देने वाले गवर्नर पर सीधी उंगली उठाते हैं । वह उस बात को बताना चाहते थे कि मारनेवाला काश्मीरी के अलावा नहीं था । जबकि इस शब्द को लिखने की आवश्यकता नहीं थी, वैसे भी अंदाज़ा लगाया जा सकता था कि कोई टेरेरिस्ट होगा या कोई मारने वाला होगा। लेकिन यह काश्मीरी शब्द लिखना, वहां से यह काश्मीरी शब्द की जानकारी देना, इस बात का प्रतीक है कि वहां इसकी सूचना देनेवाला, इस हत्या में इनवाल्वड है ।

महोदय, इसके साथ-ही-साथ वक्तव्य में यह कहा गया है कि चौकीदार ने उन में से एक आतंकवादी या हत्यारे को पकड़ने की कोशिश की, दबोचने की कोशिश की । तो क्या उस चौकीदार पर भी उन हत्यारों ने गोली चलाई ? उस पर गोली नहीं चलायी, क्योंकि उनका उद्देश्य मात्र मौलवी फारूक को मारना था । अगर वे आतंकवादी होते तो उस घर से दो-चार लाशें और उठतीं । उस चौकीदार की भी लाश उठती । लेकिन चौकीदार पर गोली नहीं चलायी । क्या उस घर में और किसी आदमी पर गोली चलायी गयी ? तो उस आतंकवादी हत्या और दूसरी हत्या में अंतर है । हम थोड़ा और

आगे बढ़ें तो देखेंगे कि स्थिति इतनी खराब है और जिस तरह से कहा जा रहा है कि सड़कों पर चलती हुई महिलाओं को रेप किया जा रहा है। महोदय, मुझे जो जानकारी है और भाई विश्वजित जी ने भी कहा था कि मौलवी के घर के पांच सौ गज के क्षेत्र में तीन कंपनियां तैनात थीं। लेकिन वे लोग चार सौ गज तक पैदल भागे थे। ऐसी दशा में जब वे लोग उन को कत्ल कर के भागे तो उनके घर के आसपास उन्हें क्यों नहीं पकड़ा गया? इतना पुलिस फोर्स का लबाजमा वहां होने हुए भी वे मारकर निकल गए।

महोदय, मैं एक मुसलमान हूं, इसलिए कहना चाहता हूं कि जनाजे की जो यात्रा होती है, उस को मैं बहुत अच्छी तरह से समझता हूं। इस लाश को लेकर करीब एक लाख आदमी का जुलूस उस जनाजे की यात्रा में चल रहा था। इस जनाजे की यात्रा में चाहे जितना भी तनाव हो लेकिन लोग झगड़े के लिए तैयार नहीं होते। फिर इस जनाज़े की यात्रा में गोली क्यों चलानी पड़ी महोदय, वक्तव्य में कहा गया है कि उस में से कुछ लोगों ने इस्लामिया कालेज के पास, जो वहां के सुरक्षाकर्मी थे, उन पर फायर किया। वहां इस्लामिया कालेज में कम-से-कम तीन हजार सेना के जवान मौजूद है, ठहरे हुए हैं, तो जैसाकि भाई विश्वजित ने भी बताया कि कोई भी आदमी इतना पागल नहीं होगा कि जहां तीन हजार जवान मौजूद थे वहां छेड़खानी करे, कोई गोली चलाए या किसी की हत्या करे। तो इन सारी बातों से इस बात का संदेह होता है, बल्कि संदेह ही क्या, यह बात प्रमाणित होती है कि इस हत्या में और दूसरी हत्याओं में काफी फर्क है और इस हत्या में वहां के गवर्नर जगमोहन का पूरा हाथ लगता है।

एक बात, जो माननीय मंत्री जी ने अपने वक्तव्य में कही बहुत कम लोगों के मरने की, उस संबंध में पूछना चाहूंगा। जैसा बहुत से साथी बता चुके हैं कि वहां की जो सूचना है, उसके अनुसार 117 लोग मर चुके हैं और 550 लोग अस्पताल में हैं। तो क्या यह सूचना सही है? या कि अभी तक उनके पास वही पुरानी सूचना है, उतने ही लोगों के मरने की उनके पास सूचना है? क्या सरकार इस शिथिलता की स्थिति से चल रही है?

महोदय, अंत में जो मेरे माननीय सदस्य अहलुवालिया जी ने यह मैसेज पढ़कर सुनाया और सलारिया जी ने भी जिसका जिक्र किया, उस मैसेज के संबंध में जानना चाहूंगा। वैसे तो वह सभापटल पर रख दिया गया है, लेकिन जानना चाहूंगा कि इस प्रकार की और भी घटनाएं, यह तो सदन में आ चुकी है, बाई द वे यह मैसेज तो किसी के हाथ कहां से लग गया और सदन में आ गया कि किस तरह से बी० एस० एफ० के लोग वहां लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, किस तरह से रेप कर रहे है, तो क्या जब वे लोग तलाशी लेने जाते है या अन्य कही आते जाते हैं तो जो वहां के शरीफ लोग हैं, उनको नुकसान पहुंचाया जा रहा है? क्या उनकी निगाह में और भी इस तरह के केस आए हैं, जिसमें शरीफ लोगों के साथ ज्यादती हुई हो या किसी शरीफ घर की लड़की के साथ बलात्कार किया हो? अखबारों में तो इस तरह की खूब खबरें आ रही हैं, लेकिन क्या सरकार की जानकारी में आई है? मैं यह माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा। धन्यवाद।

**श्री सिकन्दर बख्त** (मध्यप्रदेश): सदर साहब, मीर वायज फारूक का कत्ल एक निहायत अफसोसनाक और दर्दनाक हादसा है। वैसे तो हिंदुस्तान एक मातमकदा है, अनगिनत लोगों के मरने की खबरें हम रोज पढ़ते है, आदत सी हो गई है। आतंकवाद ने हिंदुस्तान

[श्री सिकन्दर बख्त]

में बेगुनाहों की जिंदगी तंग कर रखी है और दूसरी तरफ इस आबोहवा का जो शिकार हो रहा है, वह सियासी और मजहबी रहनुमा भी शिकार हो रहा है। मीर वायज फारूक का इंतकाल दोनों पहलुओं से देखा जा सकता है। वह मजहबी रहनुमा भी थे, सियासी रहनुमा भी थे। इससे पहले भी संत लोंगोवाल जी का कत्ल हुआ, श्रीमती इंदिरा गांधी का कत्ल हुआ, खतरनाक पहलू उभरते चले आ रहे हैं।

इस वक्त सियासी बात कहने का कोई मौका नहीं है, वैसे सख्त लबो-लहजे बातें मैंने सुनी इधर-उधर की और तकलीफ हुई कि हम शोक के लिए खड़े होते हैं तब भी सियासी जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करते हैं। मीर वायज के कत्ल ने कश्मीर की मौजूदा फिजा में एक नई डाइमेंशन जोड़ी है, जैसी कुछ साथियों ने बात कही, मैं मानता हूं। साधारण बात नहीं है। अब इसमें एक काबिले एतराज बात निकल सकती है क्योंकि हम किसी की मौत पर इजहारे अफसोस करने खड़े हुए हैं। मरने के बाद बेहतर अलफ़ाज जुबां पर आ सकते हैं, लेकिन मौलाना पर आतंकवादियों ने हमला किया था, मैं इसकी तजज़िया करने की कोशिश करता हूं, जितनी कोशिश करता हूं, मेरी समझ में नहीं आता और इसलिए समझ में नहीं आता, जैसा मेरे एक आॅनरेबिल मेम्बर ने कहा कि वे मौलाना से बहुत करीब से वाकिफ थे, मैं भी यह कह सकता हूं कि मैंने मौलाना को बहुत करीब से देखा है, उनके सियासी ख्यालात में कब-कब, क्या-क्या तब्दीलियां आईं, जानता हूं। आखिर तौर पर सियासी तौर पर किसी जेहनी झुकाव में मुबतिला हो चुके थे, वह भी जानता हूं। इसलिए कहता हूं कि मीर वायज के कत्ल का सही विश्लेषण, सही तजज़िया नहीं कर पा रहा हूं। मीर वायज के ख्यालात, जो नकाजे हिंदुस्तानियों के हैं कश्मीर के संबंध में, उससे मुख्तलिफ थे। प्लेबिसाइट की मांग करते थे, कश्मीरियों को राइट टू सैल्फ डिटरमिनेशन मिले, उसकी मांग करते थे। आतंकवादियों ने इस किस्म की मांग करने वाले पर क्यों हमला किया, यह बात मेरी समझ में नहीं आ रही है।

सवालात मेरे बहुत सारे हैं। उनका कत्ल क्यों हुआ? मीरवायज किस किस्म के जहन का शिकार हुए हैं, इसकी तलाश होनी चाहिये। अब माफ करना होम मिनिस्टर साहब, साधारण सी बात है, वैसे तो जो ब्यान में आई है कि जब जनाजा अपनी आखिरी मंजिल की तरफ बढ़ रहा था, तो आतंकवादी उसमें शामिल हो गये। कमाल का ब्यान है। लाखों नहीं होंगे, हजारों सैकड़ों होंगे लोग, वह नजर किसकी थी और कब वह नजर पड़ी कि उस जनाजे में, उस मैयत के साथ आतंकवादी शामिल हो गये? यह ब्यान off the cuff है, बिल्कुल कोई तार्किक इसमें नहीं हो सकता। फिर उस पर गोली-बारी। कर्फ्यू था या नहीं था? किस तरह से तीन आतंकवादी कर्फ्यू के बावजूद मीरवायज के घर में दाखिल हो गये? उसके बाद अगर जनाजे की इजाजत दी गई तो क्या कर्फ्यू हटाया गया? जनाजे की इजाजत दी गयी, तो हिफाजत के इन्तजामात क्या किये गये? मेरी समझ के बाहर की बात है कि मुनासिब इन्तजामात किये गये हों, तो आतंकवादी किस तरीके से गोली भी चला सकते हैं और फिर उन गोलियों के शिकार जनाजे के साथ चलने वाले लोग हो सकते हैं। सरहदों से आतंकवादियों का आना-जाना क्या रोका गया है? कोई रोकने का तरीका है? पहले की बनिस्पत सरहदों से जो पाकिस्तान की तरफ से आतंकवादियों के आने-जाने का सिलसिला है, उसकी हालत सुधरी है या बिगड़ी है? मैंने जो मौलाना के सियासी ख्यालात की बात कही है, मैं चाहता हूं कि सरकार इस संबंध में बात कहे, क्योंकि हमारे नौजवान होम मिनिस्टर साहब ने शेख अब्दुल्ला के संबंध में एकदम से ब्यान दिया है, जल्दी की है, ब्यान देने में। मेरा ख्याल है कि कश्मीर की तारीख भी पढ़ें, शेख साहब की तारीख भी पढ़ें। पहले चीफ मिनि-

स्टर थे, क्यों थे ? सरकार ने क्यों एक बहुत लम्बे अरसे तक गिरफ्तार रखा ? दोबारा क्यों बने ? जल्दी न करें, ब्यान देने में । मेरा कहना है कि उसको पढ़ने के बाद इस नतीजे पर पहुंचे कि शेख साहब के खिलाफ हिन्दुस्तान को कोई शिकायत कभी थी या नहीं थी ? थी, तो जायज थी या जायज नहीं थी ? . . . (व्यवधान) . . .

**श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर :** आप अपने ख्यालात अर्ज करने की कृपा करेंगे ?

**श्री सिकन्दर बख्त :** मैं जरूर करूंगा । सियासी मंच पर हूंगा, तो जरूर करूंगा और अगर मुझे मजबूर करेंगे, तो मैं यहां भी कह सकता हूं; क्योंकि मैं जानता हूं कि . . . . (व्यवधान) . . . .

**उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर):** अपनी मजबूरी आप मत मानिये ।

**श्री सिकन्दर बख्त :** इस किस्म के सवालात न हों, तो अच्छा है । देखिये, मैं इस वक्त शोक में बोल रहा हूं, मैं सियासी बात नहीं कर रहा हूं । मैं दुख और तकलीफ में बोल रहा हूं और मैं इस मौके पर किसी किस्म की लबो-व-लहजे तक में ऐसी कोई बात नहीं लाना चाहता, जो शोक के खिलाफ हो ।

मैं यह बात भी जानना चाहूंगा कि गवर्नर साहब और कश्मीर के मंत्री महोदय के दरम्यान इख्तलाफात हैं कि नहीं? क्योंकि एक दफा उनका ब्यान आया कि इख्तलाफात नहीं है और शायद 4, 5 और 6 रोज हुए हैं कि मैंने पढ़ा कि इख्तलाफात को तसलीम किया गया है ? सही बात क्या है, वह बतायें ?

एक निहायत खतरनाक बात, एक आनरेबल मैम्बर के सवाल में आई है कि क्या यह दुरुस्त है कि मीरवायज के जरिये से कश्मीर के मंत्री महोदय आतंकवादियों से बातचीत कर रहे हैं ? अगर हां, तो क्या यह बातचीत, मीरवायज के जरिये से जो हो रही थी, वह किसी नतीजे तक पहुंची या नहीं पहुंची ? यहां पर जगमोहन साहब का काफी जिक्र हुआ । आज कश्मीर में जो कुछ हो रहा है, कश्मीर की जो आज सियासी फिजा है, उससे हम आज की इस बात को अलहदा करके देखने का हक रखते हैं ? क्या यह फिजा जगमोहन के जाने के बाद पैदा हुई है या उनके जाने से पहले मौजूद थी और बिगड़ चुकी थी ? यह हो सकता है । मैं किसी किस्म का सर्टिफिकेट देने का हक नहीं रखता हूं और न ही कोई और रखता है कि जगमोहन साहब के जाने के बाद हालात सुधर रहे हैं या बिगड़ रहे हैं या उनके जाने के बाद बेगुनाहों पर कोई जुल्म हुआ है या नहीं हुआ है । लेकिन मैं एक बुनियादी बात जानना चाहता हूं । क्या हम मीरवाइज मौलवी फारूक के कत्ल के इस हादसे को कश्मीर की जो सियासी फिजा है, उससे अलग करके देख सकते हैं ? क्या आतंकवादियों का खेल आज ही शुरू हुआ है ? अपनी-अपनी राय है । मेरी राय तो यह है कि जगमोहन साहब के जाने के बाद कश्मीर के बिगड़े हालात में सुधार हुआ है, वरना कश्मीर में जहां तक हालात बिगड़ने का ताल्लुक है, वह वहीं मौजूद थे । यही मुझे अर्ज करना था ।

†[شری سکندر بخت (مدھیہ پردیش) : صدر صاحب - میر واعظ فاروق کا قتل ایک نہایت افسوسناک اور دردناک حادثہ ہے - ویسے تو ہندوستان ایک ماتم کدہ ہے - ان گنت لوگوں کے مرنے کی خبریں ہم روز پڑھتے ہیں عادت سی ہوگئی ہے - آتنکواد نے ہندوستان میں بے گناہوں کی زندگی تنگ کر رکھی ہے - اور دوسری طرف اس آب و ہوا کا جو شکار ہو رہا ہے وہ سیاسی اور مذہبی رہنما بھی شکار ہو رہا ہے - میر واعظ فاروق کا انتقال دونوں پہلوؤں سے دیکھا

†[]Transliteration in Arabic Script.

[شری سکندر بخت]

جاسکتا ہے - وہ مذہبی رہنما بھی تھے - اور سیاسی رہنما بھی تھے اس سے پہلے بھی سنت لونگوال جی کا قتل ہوا - شریمتی اندرا گاندھی کا قتل ہوا - خطرناک پہلو ابھرتے چلے آرہے ہیں -

اس وقت سیاسی بات کہنے کا کوئی موقع نہیں ہے - ویسے سخت لب و لہجے میں باتیں میں نے سنیں ادھر ادھر کی اور تکلیف ہوئی کہ ہم شوک کیلئے کھڑے ہوئے ہیں تب بھی سیاسی ضرورتوں کو پورا کرنے کی کوشش کرتے ہیں - میرواعظ کے قتل نے کشمیر کی موجودہ فضا میں ایک نئی ڈائی مینشن جوڑی ہے - جیسی کچھ ساتھیوں نے بات کہی میں مانتا ہوں - سادھارن بات نہیں ہے - اب اس میں ایک قابل اعتراض بات نکل سکتی ہے - کیونکہ ہم کسی موت پر اظہار افسوس کرنے کھڑے ہوئے ہیں - مرنے کے بعد بہتر الفاظ زبان پر آسکتے ہیں - لیکن مولانا پر آتنکوادیوں نے حملہ کیا تھا - میں اسکا تجزیہ کرنے کی کوشش کرتا ہوں - جتنی کوشش کرتا ہوں میری سمجھ میں نہیں آتا اور اسلئے سمجھ میں نہیں آتا - جیسے میرے ایک آنریبل ممبر نے کہا کہ وہ مولانا سے بہت قریب سے واقف تھے - میں بھی یہ کہہ سکتا ہوں کہ میں نے مولانا کو بہت قریب سے دیکھا ہے۔ انکے سیاسی خیالات میں کب کب کیا کیا تبدیلیاں آئیں - جانتا ہوں - آخر طور پر سیاسی طور پر کسی ذہنی جھکاؤ میں مبتلا ہوچکے تھے - وہ بھی جانتا ہوں

اسلئے کہتا ہوں کہ میر واعظ کے قتل کا صحیح وشلیشن صحیح تجزیہ نہیں کرپا رہا ہوں - میر واعظ کے خیالات جو تقاضے ہندوستانیوں کے ہیں کشمیر کے سمبندھ میں - اس سے مختلف تھے - فلیبی سائنت کی مانگ کرتے تھے - کشمیریوں کو رائٹ تو سیلف ڈترمینشن ملے - اسکی مانگ کرتے تھے آتنکوادیوں نے اس قسم کی مانگ کرنے والے پر کیوں حملہ کیا یہ بات میری سمجھ میں نہیں آرہی ہے -

سوالات میرے بہت سارے ہیں - انکا قتل کیوں ہوا - میر واعظ کسی قسم کے ذہن کا شکار ہوئے ہوں اسکی تلاش ہونی چاہئے - آپ معاف کرنا ہوم منسٹر صاحب سادھارن سی بات ہے ویسے تو جو بیان میں آئی ہے کہ جب جنازہ اپنی آخری منزل کی طرف بڑھ رہا تھا تو آتنکوادی اسمیں شامل ہوگئے - کمال کا بیان ہے - لاکھوں نہیں ہونگے - ہزاروں ہونگے سیکڑوں ہونگے لوگ - وہ نظر کس کی تھی اور کب وہ نظر پڑی کہ اس جنازے میں اس میت کے ساتھ آتنکوادی شامل

ہوگئے - یہ بیان off the cuff ہے - بالکل کوئی لچک اس میں نہیں ہوسکتا - پھر اس پر گولی باری - کرفیو تھا یا نہیں تھا - اس طرح سے تین آتنکوادی کرفیو کے باوجود میر واعظ کے گھر میں داخل ہوگئے - اسکے بعد انکو جنازے کی اجازت دی گئی تو کیا کرفیو ہٹایا گیا جنازے کی اجازت دی گئی تو حفاظت کے کیا انتظامات کئے گئے - میری سمجھ کے باہر کی بات ہے کہ مناسب انتظامات کئے گئے ہوں تو آتنکوادی کس طریقے سے گولی بھی چلا سکتے ہیں اور پھر ان گولیوں کے شکار جنازے کے ساتھ جانے والے لوگ ہوسکتے ہیں - سرحدوں سے آتنکوادیوں کا آنا جانا کیا روکا گیا ہے - کوئی روکنے کا طریقہ ہے - پہلے کی نسبت سرحدوں سے جو پاکستان کی طرف سے آتنکوادیوں کے آنے جانے کا سلسلہ ہے اسکی حالت سدھری ہے یا بگڑی ہے - میں نے جو مولانا کے سیاسی خیالات کی بات کہی ہے میں چاہتا ہوں کہ سرکار اس سمبندھ میں بات کہے کیونکہ ہمارے نوجوان ہوم منسٹر صاحب نے شیخ عبداللہ کے سمبندھ میں ایک دم بیان دے دیا ہے - جلدی کی ہے بیان دینے میں - میرا خیال ہے کہ کشمیر کی تاریخ بھی پڑھیں - شیخ صاحب کی تاریخ بھی پڑھیں - پہلے چیف منسٹر تھے کیوں تھے - سرکار نے کیوں ایک لمبے عرصے تک گرفتار رکھا - دوبارہ کیوں بنے - جلدی نہ کریں - بیان دینے میں - میرا کہنا ہے کہ اسکو پڑھنے کے بعد اس نتیجہ پر پہونچے کہ شیخ صاحب کے خلاف ہندوستان کو کوئی شکایت کبھی تھی یا نہیں تھی - تھی تو جائز تھی یا جائز نہیں تھی - (مداخلت) ....

شری سریندر سنگھ ٹھاکر : آپ اپنے خیالات عرض کرنے کی کرپا کرینگے -

شری سکندر بخت : میں ضرور کروں گا - سیاسی منچ پر ہوں گا - تو ضرور کروں گا - اور اگر مجھے مجبور کرینگے تو میں یہاں بھی کچھ سکتا ہوں کیونکہ میں جانتا ہوں کہ .... (مداخلت)

اپ سبھا ادھیکش (پروفیسر چندریش پی- ٹھاکر): اپنی مجبوری آپ مت مانئے -

شری سکندر بخت : اس قسم کے سوالات نہ ہوں تو اچھا ہے - دیکھئے میں اس وقت شوک میں بول رہا ہوں میں سیاسی بات نہیں کہہ رہا ہوں میں دکھ اور تکلیف میں بول رہا ہوں اور میں اس موقع پر کسی قسم کی لب و لہجہ تک میں ایسی کوئی بات نہیں لانا چاہتا جو شوک کے خلاف ہو -

میں یہ بات بھی جاننا چاہونگا کہ گورنر صاحب اور کشمیر کے منتری مہودے کے درمیان اختلافات ہیں کہ نہیں ہیں - کیونکہ ایک دفعہ ان کا بیان آیا کہ اختلافات نہیں ہیں اور شاید چار پانچ چھ روز ہوئے ہیں کہ میں نے پڑھا کہ اختلافات کو تسلیم کیا گیا ہے - صحیح بات کیا ہے وہ بتائیں -

[شری سکندر بخت]

ایک نہایت ہی خطرناک بات ایک آنریبل ممبر کے سوال میں آئی ہے کہ کیا یہ درست ہے کہ میر واعظ کے ذریعے سے کشمیر میں ملٹری مہودے آتنکوادیوں سے بات چیت کر رہے تھے - اگر ہاں تو کیا یہ بات چیت میر واعظ کے ذریعے سے جو ہو رہی تھی وہ کسی نتیجہ پر پہونچی یا نہیں پہونچی -

یہاں پر جگموہن صاحب کا کافی ذکر ہوا - آج کشمیر میں جو کچھ ہو رہا ہے - کشمیر میں کی جو آج سیاسی فضا ہے اس سے ہم آج کی اس بات کو علیحدہ کرکے دیکھنے کا حق رکھتے ہیں- کیا یہ فضا جگموہن کے جانے کے بعد پیدا ہوئی ہے یا انکے جانے سے پہلے موجود تھی اور بگڑ چکی تھی - یہ ہو سکتا ہے - میں کسی قسم کا سرٹیفکیٹ لینے کا حق نہیں رکھتا ہوں اور نہ ہی کوئی اور رکھتا ہے کہ جگموہن صاحب کے جانے کے بعد حالات سدھر رہے ہیں یا بگڑ رہے ہیں - یا انکے جانے کے بعد بے گناہوں پر کوئی ظلم ہوا ہے یا نہیں ہوا ہے- لیکن ایک بنیادی بات جاننا چاہتا ہوں کیا ہم میر واعظ مولوی فاروق کے قتل کے بعد اس حادثے کو کشمیر کی جو سیاسی فضا ہے اس سے الگ کرکے دیکھ سکتے ہیں - کیا آتنکوادیوں کا کہنا آج ہی شروع ہوا ہے - اپنی اپنی رائے ہے - میری رائے تو یہ ہے کہ جگموہن کے جانے کے بعد کشمیر کے بگڑے حالات میں سدھار ہوا ہے - ورنہ کشمیر میں جہاں تک حالات بگڑنے کا تعلق ہے وہ وہیں موجود تھے - یہی مجھے عرض کرنا تھا -]

**चौधरी हरि सिंह** (उत्तर प्रदेश): महोदय, कश्मीर की जो व्यवस्था है और जो दुखद परिस्थिति वहां चल रही है उससे सारा देश और देश की जनता दुखी है। मौलवी फारूक जी की मृत्यु के संबंध में मंत्री जी ने अपना बयान दिया। बयान को अगर आप गौर से देखें तो मालूम पडता है कि यह अपने आप मे ही कांट्राडिक्टरी है। इसमें लिखा है कि चौकीदार से उन्होंने पूछा और जब वह गोली मार-कर चल पड़े तो उनमें से एक चौकीदार ने एक व्यक्ति को दबोचने की कोशिश की। उन लोगों के पास बड़े संगीन हथियार रहे होंगे। तो मैं जानना चाहता हूं कि चौकीदार ने किस सीमा तक और कैसे उनको दबोचने की कोशिश की? चौकीदार के पास कोई हथियार थे या नहीं?

दूसरा, जैसा मैंने कहा कि यह बयान ही कांट्राडिक्टरी है, इसमें एक जगह कहा गया है कि एक चौकी पर हमला कर दिया। फिर कहते हैं कि बहुत सारी चौकियों को भीड़ ने, आंतकवादियों ने नुकसान पहुंचाया। तो जब एक चौकी पर हमला कर दिया तो सुरक्षा बल के लोगों ने गोलियां चला दीं।। तो बाकी चौकियों पर नुकसान पहुंचने या उनको नुकसान पहुंचाने की बात कैसे संभव हुई?

तीसरा कांट्राडिक्शन जो मुझे इस बयान में लगा, वह यह है कि इसमें लिखा है कि कुछ चौकियों को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया। सुरक्षा बलों ने कुछ स्थानों पर भीड़ को तितर-बितर करने के उद्देश्य से हवा में गोलियां चलाई और मान्यवर, यह देखने में लग रहा है कि वह पेंसिल से काटा हुआ है। अगर इस स्टेटमेंट को आप गौर से देखें तो वह काटा हुआ है। तो मालूम पड़ता है कि यह बयान फिक्शीशियस है और सरकार ने अपना चेहरा बचाने के लिए ऐसा किया है।

मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि जब भीड़ थोड़ी उग्र हुई या नहीं हुई तो हवा में गोली चलाई या नहीं? इस बयान में तो लिखा है कि हवा में गोली

चलाई तो कहां पर चलाई और क्यों चलाई ? फिर अगर हवा में गोली चलाई तो भीड़ वहां कैसे जमी रही ? यह सारी बातें कांट्राडिक्टरी हैं जिनसे पता लगता है कि यह बयान बनावटी है और इसमें तथ्यों को छिपाया गया है । मौलवी फारूक के कातिल कौन हैं, इस पर सरकार ने जान-बूझकर परदा डाला है । मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि आखिर जगह-जगह पर कश्मीर के अंदर आपके सुरक्षा बल के लोग हैं, पुलिस के लोग हैं तो तीन आदमी हथियार लेकर आए और सीधे अंदर घुस गए और फिर वापस भी चले गए । कैसे ? यह उसमें लिखा है कि कुछ आतंकवादी हथियारों सहित भीड़ में जमा हो गये । आखिर यह आंतकवादी कहां से, किस घर से आये, किस दिशा से आये, कहां शामिल हुये ? यह माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं । मान्यवर, आज कश्मीर की जो स्थिति है बड़ी भयंकर है और मुझको अफसोस होता है कि उसके इंचार्ज दो मिनिस्टर हैं और दोनों आपस में लड़ रहे हैं, तो क्या सरकार किसी मिनिस्टर को हटवाने पर विचार कर रही है । दो-दो मिनिस्टर हैं, एक कहता है यह सौल्यूशन है, वह कहता है यह सौल्यूशन नहीं है । मैं यह जानना चाहता हूं—दो शासक कभी कामयाब नहीं हुये एक हा ममले पर तैनात और गवर्नर वह तो डिक्टेटर है, हिटलर है, वह तो देश को तबाह कर देगा । मान्यवर, यह जो वहां के गवर्नर साहब अपने कार्यकलापों से सन् 47 को हिन्दुस्तान में फिर पैदा करना चाहते हैं । यह उनकी दूर की पौलिसी है । क्या सरकार गवर्नर साहब के इस छिपे एक्शन से जानकारी रखती है ? और अगर रखती है तो सरकार उनके खिलाफ क्या कार्यवाही कर पायी है ? यह मेरे दो-तीन मोटे-मोटे सवाल हैं ।

**श्री शांति त्यागी** : मैं कश्मीर में कल मौलवी साहब की हत्या और जो लाखों की भीड़ पर जनाजे के जुलूस पर जो फायरिंग हुई है, उसकी निंदा करता हूं। मान्यवर, मौलवी साहब की हत्या पर पूरे सदन को और पूरे देश को बड़ा गम हुआ है । माननीय मंत्री जी, मैं यह भी कहना चाहता हूं कि राज्य सरकार के जो सुरक्षा बल वहां काम कर रहे हैं उन्होंने भी आंतकवाद का सहारा लिया है । तीन आंतकवादियों ने मौलवी साहब की हत्या की है और कश्मीर में गवर्नरी शासन के हथियारबंद लोगों द्वारा अपने देश के वे कहीं और के नहीं थे जो सैकड़ों लोग जख्मी हुये और जो लोग शहीद हो गये हैं, मारे गये हैं वह पाकिस्तानी नहीं थे, वह देश के थे और बगैर किसी प्रोवोकेशन के, जबकि बिल्कुल बनायी हुई बात हैं, खबरें आ रही हैं कि गवर्नर यह चाहते थे कि जनाजे का कोई बड़ा जुलूस नहीं बने, सच्ची बात है यह । कर्फ्यू लगा हुआ हैं और कर्फ्यू का उल्लंघन नहीं होना चाहिये क्योंकि लाट साहब ने कह दिया और बगैर किसी प्रोवोकेशन के यह गोलीबारी की गयी और मैं कहूं माननीय मंत्री जी 2–4 गोलीबारी जगमोहन जी ऐसी और करादें उसके बाद कश्मीर के सवाल के ऊपर देश में बहस करने की जरूरत ही नहीं रहेगी । यह मैं आज आपको बोल रहा हूं । आंतकवादियों को पकड़िये, गोली मारिये । मगर एक जनाजे की भीड़ पर और जनाजे में जो मातमी लोग जाते हैं वह कभी झगड़ा नहीं चाहते हैं, गोलीबारी करना चाहते हैं । मैं जनाजों में बहुत जगह शरीक हुआ हूं, लेकिन किस मुद्रा में जाते हैं सब जानते हैं, आप भी जानते हैं । इसलिये यह बिल्कुल फर्जी, बनावटी, झूठी बात है कि जुलूस में कई आंतकवादी आ घुसे, फिर गोली चलायी, सुरक्षा बलों ने डिफेंस में गोली चलायी, यह बिल्कुल झूठी बात है । अध्यक्ष जी, मैं यह मांग कर रहा हूं कि हाईकोर्ट का नहीं, उच्चतम न्यायालय के जज की मैं बात नहीं करूंगा, एक पैनल उच्चतम न्यायालय के जजों का, इसकी जांच करे । इसमें एक जज मायनौरिटी कम्युनिटी का भी होना चाहिये, यह मेरी बात हैं, यह मैं मांग करूंगा । आप बतायें कि क्या आप इसके लिये तैयार हैं और इसमें मौलवी साहब की हत्या का इंवेस्टीगेशन होना चाहिये और साथ में गोलीबारी क्यों किया गया, किसके आदेश से किया गया

[श्री शान्ति त्यागी]

और क्या प्रोवोकेशन हुआ था ? इस बात की पूरी छानबीन की जाये, यह आपसे प्रार्थना है ।

अंतिम बात जो मैं आपसे कहूंगा कि यह घटना कश्मीर में ऐसे वक्त में घटी है जब पाकिस्तान की प्रधान मंत्री जी कश्मीर के सवाल के ऊपर पश्चिमी एशिया के मुमालिक जो हमारे दोस्त हैं उनमें कुप्रचार में लगी हुई हैं भारत के खिलाफ, ऐसे वक्त में यह गोलीबारी आपने किया है । इससे उनके कुप्रचा को, अभियान को पश्चिमी एशिया में बल मिलेगा । यह मैं आपको सही बोल रहा हूं और यह इसलिए कह रहा हूं कि इसकी जांच कराइये । आप समाजवादी मंत्री हैं इसलिए इन गवर्नर साहब को वापस बुलाइये । यह बी.जे.पी. के हैं । यह दंगा करा देंगे देश में इसलिए इनको वापस बुला लीजिए । आप कश्मीर को खो देंगे, दंगा करा देंगे इसलिए कह रहा हूं इनको वापस बुला लीजिए । वर्मा जी मैं सही कह रहा हूं । (व्यवधान)

**श्री वीरेन्द्र वर्मा** (उत्तर प्रदेश) : कश्मीर में किसने भेजा था ?

**श्री शांति त्यागी** : मुफ्ती मोहम्मद साहब हमारे बुजुर्ग गृह मंत्री हैं । पता नहीं इन्हें क्या हो गया । यह कश्मीर के निवासी हैं, भारतवासी हैं और देश के गृह मंत्री हैं । कश्मीर में सैकड़ों जाने चली गयी । कश्मीर में एक बड़े मौलवी और धार्मिक नेता फारुक की हत्या हो गयी और उसी पर आज राज्य सभा में चर्चा हो रही है, पता नहीं हमारे गृह मंत्री कहां चले गये । हमारे जार्ज फर्नांडीज साहब तो शायद विदेश में चले गये और गृह मंत्री साहब पता नहीं कहां चले गये । इनको यहां होना चाहिए । बाद में जब यह आयेंगे तो यह कहेंगे कि हालात सुधर रहे हैं । आपने भी शायद यही कहा है कि हालात सुधर रहे हैं । मैं यह मांग करूंगा कि यह बतायें कि मौलवी साहब ने क्या इन-राइटिंग, लिखित रूप में यह दिया था कि मुझे सेक्योरिटी नहीं चाहिए ? इन सब बातों का उत्तर आप दीजिए ।

SHRI KAPIL VERMA (Uttar Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, I thank you for giving me this opportunity Kashmir is a national issue and it is no wonder that all sections of the House are disturbed and concerned about it and have given vent to their feelings though differently, in their own light Sir, the dastardly act of the murder, the assassination of the Moulvi has been condemned rightly. Probably, equally disturbing is the cruel massacre of innocent people going in the funeral procession. All these are particularly disturbing and so also the wireless message which has been read out by my colleague Mr. Ahluwalia. I am very sure that at a time when Pakistan has unleashed a big diplomatic offensive in the world for against India on the Kashmir issue and at a time when the Prime Minister of Pakistan is touring 13 countries in Western Asia, this is not going to help us. I want a few clarifications. The first is, what is the Government's prima facie information? Who is actually responsible for the killing of the Moulvi? This is because of the reports which have appeared in the press, particularly a report quoting his daughter—I will not take time by reading out the report—but the report is there in the newspaper, in *The Times of India* today that the eldest daughter of the Moulvi has said, that Mr. Jagmohan can now relax and his objective has been fulfilled. Well, it might be anguish—I do not know—but this is very dsturbing. would like the Minister to throw light on this. Secondly, the spokesman of the Moulvi's own organisation has said that non-Kashmiris are responsible for it and a colleague of ours has pointed out that the Moulvi before his death, before he breathed his last, has said that his killer were some Hindi-speaking people. I would like to know what is the information of the Government on this. They have mentioned some Kashmiri youths in the statement. I do not know. In the light of the new facts, will the Minister investigate again and let the House know about it? Thirdly, it is not the first attack on the Moulvi. It is a second attack. The first attack, as you know, took place in February last when he was coming

6.00 P.M. out of his house for *juma namaaz* to Jama Masjid. His car was burnt and the driver was killed. What precautions were taken by the Government after that? It is no use saying that he did not want any security. The Government has a responsibility, particularly about a leader of the Maulvi's stature. Who was responsible for the failure? Was the Maulvi warned at any time by the intelligence agencies that there was imminent danger to his life? What was done? What precautions were taken by the Government in this respect?

Then, Sir, about the massacre which has been compared to Jallianwala Bagh and some other things. The statement is very cryptic and, as pointed out by many friends, does not give much information on the subject. It does not approach the subject with great seriousness. The statement says that security pickets were attacked at many places. Whereas the statement says that 27 people were killed, according to our friends, 117 people were killed. How is it that so many security pickets were attacked and there was not a single casualty? What happened really? Why do you hide all these facts? This is the surest way to alienate people. Even the Cabinet Minister for Kashmil Affair has openly said that there is a rift between him and Mr. Jagmohan and that he is trying to start the political process but Jagmohan is standing in his way. I would like to join various Members of the House in the damand for the recall of the Governor because in his regime, law and order, tthe entire administration, has broken down and what is more important that there is complete alienation of the people which is inimical to our national interests. The Minister's statement about the Governor not allowing the political process to start is very disturbing and the Government must make an authentic and authoritative statement on this. My next question is, what has happened to the Government's assurance that the Law Department is studying the legal validity, legal possibility of revival of Assembly? What is the legal opinion? What is the Government going to do about it? What political processes have they started and what is the result achieved by Mr. Fernandes in his cantacts with the militants? How far has he succeeded and where and how the Governor stood in the way? I would like to join Mr. Chaturanan Mishra and Mr. Fotedar to demand a high-level inquiry, by a Supreme Court Judge or by a Parliamentary Committee, into the various disturbing aspects not only about the massacre of innocent people, but also of the rape of the bride and the other facts given in the wireless meassage, but also into the firing on funeral procession, killings by militants and the other aspects of what is happening in Kashmir today. Thank you very much.



THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): Hon. Members, we have already passed 6 o'clock. I have still 12 names, if some more names are not added. Is it the pleasure of the House to continue the discussion?

MANY HON. MEMBERS: Yes:

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): In any event, I take it that it is not an open-ended discussion. I hope you will co-operate, that each of you, whose name is being identified, will take limited time.

SHRI T. A. MOHAMMED SAQHY (Tamil Nadu): Mr. Vire-Chairman, kindly call one from the treasury benches and another from the opposition.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): I know my job. Please.

SHRI M. M. JACOB (Kerala): I think there will be rationing of the time.

SHRI SYED SIBTEY RAZI: Why should the last speakers suffer?

उपसभाध्यक्ष (प्रो. चन्द्रेश पी० ठाकुर): राम अवधेश सिंह जी, आप मेरे मित्र हैं। आप कृपया संक्षेप में प्रश्न पूछिये।

श्री राम अवधेश सिंह (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं जो आपने मुझे समय दिया। लेकिन

[श्री राम अवधेश सिंह]
ज्यों ही मैं खड़ा होता हूं तो उसी समय, मेरे समय के पूर्व और बाद में आप हाथ नहीं जोड़ते हैं। इसके पहले कभी नहीं और बाद में भी कभी नहीं।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. चन्द्रेश पी. ठाकुर): इतना तो आप क्रेडिट देंगे. मैं हाथ जोड़ रहा हूं और कुछ नहीं कर रहा हूं।

श्री राम अवधेश सिंह: मैं संक्षेप में बोलूंगा।

मान्यवर, बिना भूमिका में गये हुए मैं कुछ सवाल करना चाहता हूं। जो विवरण माननीय मंत्री जी द्वारा पढ़ा गया है, उससे दो तीन गहरे सवाल उभरते हैं। एक तो है कि मौलवी फारुक की हत्या और दूसरा गोलीबारी। दो घटनायें है। भीड़ पर, जनाजे की भीड़ पर या जनाजे के जलूस पर गोलीबारी और मौलवी फारुक की हत्या, ये दो घटनायें अलग अलग हैं। मौलवी फारुक की हत्या सरकार की लापरवाही और निकम्मेपन का प्रतीक है क्योंकि इसके पहले वाइस चांसलर और एच.एम.टी. के जनरल मैनेजर की हत्या हो चुकी थी और यह सरकार का दायित्व था कि जो राष्ट्रवादी मुसलमान हैं उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी वह ले। उनकी सुरक्षा का भार सरकार को लेना था। वे चाहे मानते या न मानते, जो महत्वपूर्ण लोग थे, जिनकी हस्ती थी, जिनका प्रभाव था, जो राष्ट्रवादी मुसलमान थे, उनकी सुरक्षा का नैतिक दायित्व अपने आप सरकार पर आता है। इसमें यह सरकार फेल कर गई। चौकीदार जब पकड़ने गया, उन तीन कातिलों को पकड़ने के लिए जब चौकीदार गया तो क्या उन्होंने उसे मारा नहीं और क्या वह घायल हुआ? चौकीदार द्वारा पकड़ने का प्रयास करना और फिर उनका भाग जाना मुझे लगता है कि मिली-भगत है क्योंकि जब चौकीदार कातिलों को पकड़ने जायेगा तो वह उसको जरूर घायल करेंगे। यह साधारण मनोविज्ञान है, क्रिमिनल्स का मनोविज्ञान है। दूसरा, जनाजे के जलूस पर जो गोलीबारी हुई उसके दो तीन हिस्से हैं। एक तो कहा गया कि पुलिस चौकियों पर हमला आतंकवादियों द्वारा कर दिया गया और हमला करके भीड़ में घुस गये। फिर कहा गया कि कई चौकियों पर, सुरक्षा चौकियों पर हमला करके उनको क्षतिग्रस्त किया गया। लेकिन इसमें मंत्री जी यह विवरण नहीं देते हैं कि कितनी क्षति हुई। आतंकवादियों द्वारा गोलियों से जो हमला चौकियों पर हुआ, यह एक चौकी पर नहीं बल्कि कई चौकियों पर हुआ तो उसमें क्या क्षति हुई? इसमें जो क्षति हुई उसका विवरण आना चाहिए था। जो एक कमांडेंट और 10 जवानों के घायल होने की बात कही गई है, जिसको कि इन्होंने एक वाक्य में कह दिया, इस बारे में भी बताते कि उन्हें कितने गहरे घाव लगे हैं। जब उधर से गोली चलेगी, आतंकवादी सिपाहियों पर गोली चलायेंगे तो क्या वे इतनी नपीतुली चलायेंगे कि वे केवल थोड़े से जख्मी हो जायें, थोड़ी सी खरोंच लग जाय। मान्यवर, हम लोग भुगते हुए हैं। यह जो पुलिस जाती है, जिसका मन बढ़ जाता है, मन बढ़ जो पुलिस होती है, जब हम कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन करते थे तो कांग्रेसी पुलिस क्या करती थी? कांग्रेसी पुलिस भीड़ में दो-तीन गुंडों को भेज देती थी। वे भीड़ में जाकर उन पर पत्थर चला देते थे। उस रोढ़ी

[उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) पीठासीन हुए]

के चलने के बाद पुलिस डंडा और गोलीबारी शुरू कर देती थी। तो हम लोग जानते हैं कि मनबढ़ू पुलिस क्या करती है। तो क्या यह संभव नहीं है कि पुलिस के ही कुछ लोग उसमें घुस गये हों, और उनको उत्तेजित किया हो और मौका तलाश करने के लिए उन्होंने ऐसा किया हो। मान्यवर, ऐसा लगता है कि जवानों में से भी कुछ लोग गहरे घायल होते। डा. राम मनोहर लोहिया ने पुलिस द्वारा गोली चलाने के लिये मानदंड रखे और इसी मानदंड पर केरल की अपनी सरकार जो प्रथम सोशलिस्ट पार्टी की सरकार थी उसको भंग करने के लिये उन्होंने आन्दोलन चलाया और उसको भंग करवाया क्योंकि पुलिस ने वहां पर गोलियां चलाईं। अन्त में यह मानदंड रखा

गया कि जब कोई भीड़ कत्लेआम करती हुई आगे बढ़ती जा रही हो तो उस भीड़ को रोकने के लिये या बगावत करती हुई भीड़ हो, पुलिस या आर्मी, बगावत करे तो उसको नियंत्रित करने के लिये गोली चलाई जा सकती है। इसके बारे में उन्होंने कहा। लेकिन मैं यह जानना चाहता हूं (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) : बस कृपा करें।

श्री राम अवधेश सिंह : कृपा ही कर रहा हूं। मैं अन्त में दो सवाल पूछना चाहता हूं। क्या कमांडेंट और जवानों के जख्मी होने का विवरण इस सदन में रखेंगे कि कितना वह जख्मी हुये और किस वजह से गोली चलाई? नम्बर दो सवाल यह है कि क्या चौकीदार भी घायल हुआ है जिसने पकड़ने का प्रयास किया? नम्बर तीन, कुछ चौकियां क्षतिग्रस्त होने की बात कही गई है, मैं यह जानना चाहता हूं कि चौकियों की क्षतिग्रस्तता कितनी है? यह बताया गया कि जज द्वारा जांच होगी लेकिन यह जांच तो बहुत लम्बे समय तक चलेगी। इसलिये मैं यह चाहता हूं कि एक संसदीय समिति तत्काल वहां जाय और इसकी जांच करके आये और बताये। मैं कहना चाहता हूं कि जगमोहन जी की वजह से वहां तनाव बढ़ता जा रहा है, उसको वहां से हटा दिया जाय और बर्खास्त कर दिया जाय या वापिस बुला लिया जाये। दोनों में से कोई एक काम जरूर करिये। धन्यवाद।

SHRI VISHVJIT P. SINGH: Sir, I have never done this: Whenever I asked for clarifications, I always waited for the Minister's reply. But today I have an urgent meeting to attend and I, therefore seek your permission and the permission of the honourable Minister to go, but I hope the honourable Minister will give replies to my questions.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): You may go, please.

SHRI V. NARAYANASAMY: Mr. Vice-Chairman, I join the honourable Member, Shri Chaturanan Mishraji, and also the Members from my side in condemning this Government for its inept handling of the Jammu and Kashmir problem. Series of murders are taking place and the Government has not taken any further steps as far as the murders of the HMT General Manager, the Vice-Chancellor of the Kashmir University and an ex-MLA are concerned. We could see from the reports that as far as Rubiya abduction is concerned, the culprits have been nabbed. That is the report we have received. As far as other killings are concerned, this Government has not moved an inch in nabbing the culprits. In regard to the killing of Maulvi Farooq there is a report which I would like to bring to the notice of the honourable Minister. An arrest warrant was pending against Maulvi Farooq and that arrest warrant was issued by the Jammu and Kashmir administration on 20-5-1990, for certain violation of revenue laws. That warrant was unexecuted Sir, I would like to know from the hon. Minister whether any warrant was pending against the deceased Maulvi Farooq relating to violation of certain revenue laws. Why was that arrest warrant not executed?

Then, coming to the other aspect, Sir, on an earlier occasion when Maulvi Farooq was going to the Masjid he was manhandled by some terrorists. In the month of February when he was going from his house to the Masjid, he was manhandled on the way. Is it a fact and, if so, knowing fully well that there are people to attack him and kill him, since there was an earlier incident, did the Government tighten the security for Maulvi Farooq or not.

Sir, strangely enough, when Mufti Mohammad Sayeed was replying to questions here on Jammu and Kashmir issues when the Members raised a specific question whether this Government is taking steps to revive the Assembly—specific questions were put—the Minis-

[Shri Narayana Swamy]

ter said that the Law Ministry is considering the matter and they have to take a decision on that. Sir, the reply was given by the Minister in the last session. But so far nothing has been heard in this matter. Neither the Home Minister nor the Prime Minister is telling about that. There was a demand from the Congress Party for the revival of the Assembly. (*Time bell rings*) But there was no response, though there was an assurance by the hon. Home Minister in this House that the matter is pending with the Law Ministry and he would come up with a statement on that.

Then there is another strange thing. A US team came to India. The Indian Government and the Prime Minister categorically stated that they are not going to negotiate with Pakistan. But, Sir, yesterday we could see from the reports that the US team met the Prime Minister and the Prime Minister discussed the matter with the US team. Why have you an inconsistent policy on Jammu and Kashmir? If you do not want to negotiate you should not have opened the topic with the US team which has arrived in India and which met the Prime Minister. The Prime Minister, having discussed the issue with them, is opening the agenda and he is giving a commitment that he is for settlement, therefore, I would like to know from the hon. Minister whether they are willing to discuss the matter with the Pakistan Government. (*Time bell rings*)

I am concluding, Sir. It is reported that the wife of Maulvi Farooq was also injured when the assasins fired the bullets on Maulvi Farooq. But the report is silent about that incident. Is it a fact that the wife of Maulvi Farooq has been injured in the incident and she is in the hospital or not?

Finally, Sir, everybody is telling that Mr. Jagmohan is responsible for the present situation. But only one political party, the Bhartiya Janta Party, is telling that Mr. Jagmohan is not responsible and the situation deteriorated earlier. Sir, I would like to say that when Dr. Farooq Abdullah was the Chief Minister in Jammu and Kashmir, he kept the situation under control. Sir, I do not want to plead his case. He kept the situation under control Jagmohan was sent to Kashmir as a Governor. It was a wrong decision taken by the Government. After that, the situation has deteriorated and a lot of people have become terrorists. Militant youths have gone to the Pakistan-Occupied Kashmir. They have got training there and they have been returning. It is reported that more than 10,000 Jammu and Kashmir youths have got training in the Pakistan-Occupied Kashmir in the camps that have been organised by Pakistan. They are coming back and indulging in terrorist activities in Jammu and Kashmir and also in other parts of the country. Therefore, Sir, the decision taken by Mr. V. P. Singh to send Jagmohan to Jammu and Kashmir was wrong. Jagmohan should be withdrawn from Kashmir. I also want that Mr. V.P. Singh should resign. I hold him responsible for sending Jagmohan to Jammu and Kashmir.

DR. YELAMANCHILI SIVAJI (Andhra Pradesh): Sir, Maulvi Farooq has been assassinated and the whole nation condemns the activities of the terrorists. I want to know from hon. Minister whether Maulvi Farooq was heading any Trust. It is also mentioned that 27 people have been killed in firing. It appears that the BBC has put the figure at more than 100 persons. Is it a fact or not? If it is not a fact. then the BBC is propagating some falsehood against our country about what is going on here. It is also mentioned that curfew was in vogue. In spite of the curfew assailants entered the house of Maulvi Farooq and killed him. How did nhey

escape after the assassination? Did they come in a car or did they come on a motorcycle or by some other mode of transport? It is also mentioned that AK47 guns were used very liberally and freely. It is not only here but throughout the country that AK-47 guns are being used by the Naxalites and other terrorists in Punjab, in Jammu and Kashmir and in several other places. How are these AK47 guns being smuggled into the country? What steps have been taken by the Government to check the smuggling of AK47 rifles across our borders? It is also observed that many people have fled away from the Kashmir Valley. Is it a fact? If it is so, what steps have been taken by the Govenment to check this fleeing away of the political people as well as of the Hindu community from the Valley? Thank you.

SHRI SANTOSH BAGRODIA (Rajasthan): Mr. Vice-Chairman, Sir, I am ashamed of our Government which is supposed to protect the lives and property of the citizens. Instead of doing that, it appears that they and their agents have become murderers and riders of the ordinary citizen in the country. To begin with, when I think of Kashmir, I find that there is complete confusion. There is a Minister of Home Affairs and also there is a Minister of Kashmir Affairs. The country is not aware as to who is responsible for what. Today, the Minister of Kashmir Affairs is not here because he has gone to Cairo on a private visit. It seems that Kashmir is not very important for the Government of India. I understand that hon. Maulvi Sahib has been killed not by the terrorists. The people doubt that the agents of the Governor have killed him. Those agents have not only killed him, but they have also killed more than 100 people in their excitement, in their encouragement, to satisfy the ego, to satisfy the desires of the killing Governor. I have never heard that in the past in any civilized society the marriage processions or the funeral processions being attacked by the Security personnel as it happened in Kashmir. As usual, Sir, the Government has shed its crocodile tears. I want to know specifically one thing from the hon. Minister. Here it is said that "taking advantage of the situation, the terrorists mingled with the unruly crowd and started firing at the Security forces with AK-47 and other fire arms." I would like to know as to how many people were killed because of these terrorists? Were there any security personnel killed? If so, how many were killed? When the terrorists have been attacking the pocessions, if there were any Security personnel around, did they try to kill or arrest any of these terrorists and if so, how many terrorists have been arrested from that crowd?

Sir, I am born and brought up in Bangal. We have been attending a number of *morchas* and a number of processions. Sir, the normal practice is that first a lathi-charge is there to disperse the crowd if the crowd is unruly. I am not talking about this mourning crowd or procession. Then there is the use of tear gas shells. Then the warning is given. Then the firing is in the air. Then only they fire to shoot. Here it appears that they were fully prepared to start shooting the moment they found that the procession has come to a particular place. It was not a provocation from the processionists. It was entirely a planned murder of the ordinary people on the road. When such processions go, Sir, proper protection is given and proper arrangements are made by the Administration. I would like to know from the hon. Minister as to what arrangements were made when this procession was going on so that the procession moves peacefully because, I understand, even the dead body had to be taken away by the processionists and it was not given to them.

Finally, Sir, I would like to know as to after how much time of the shooting Maulvi Farooq was taken to the hospital and by whom. Why was it necessary to fire by the para-military forces on peaceful mourners in the funeral procession? Who from the Government and the Administration met the family members

[Shri Santosh Bagrodia]

of Maulvi Farooq? What is the version of the family members of Maulvisaheb on the heinous murder? Has Miss Mira Farooq, the 17 year old daughter of Maulvi Farooq alleged that the murder *has taken place as per the desire of the* present Governor of Jammu and Kashmir?

With these words, Sir, I strongly demand that if you want to save Jammu and Kashmir and the people of Jammu and Kashmir, this particular Governor who is there must be withdrawn immediately, and also a special Parliamentary Committee must be sent to Kashmir immediately to bring the facts before the public.

**श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर** : सर, मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है ! माननीय उपसभाध्यक्ष जी, युवकों की एक टोली इंडियन यूथ कांग्रेस के प्रेजीडेंट श्री रमेश चेनितला, जो आज दूसरे सदन में एम.पी. हैं, उनके नेतृत्व में प्रधान मंत्री जी के निवास पर अहिंसात्मक धरने पर बैठी हुई थी काश्मीर और मेहम में जो अत्याचार हुए हैं उनके खिलाफ... (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): Wait a minute.

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** : प्वाइंट आफ आर्डर कौन सा है? ... (**व्यवधान**)

SHRI S. S. AHLUWALIA: This is a point of information.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): Let me decide.

**श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर** : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, पुलिस के द्वारा वी.पी. सिंह जी के निर्देशों पर, गृह मंत्रालय के निर्देशों पर उन युवकों के ऊपर लाठियों से प्रहार किये गये और उन प्रहारों के परिणामस्वरूप श्री रमेश चेनितला गंभीर रूप से घायल हुये और वह अस्पताल में भर्ती हैं... (**व्यवधान**)

SHRI S. S. AHLUWALIA: This is a point of information.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): This is not a point of order.

**श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर** : इसलिये मैं मांग करता हूं कि गृह मंत्री उस पर भी अपना वक्तव्य दें।... (**व्यवधान**)

SHRI S. S. AHLUWALIA: The Home Minister is present here (*Interruptions*).

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): This is not a point of order. (*Interruptions*).

SHRI S. S. AHLUWALIA: We want the Home Minister's reaction. A Member of Paliament is seriously injured. (*Interruptions*).

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): You are requesting. That is all. (*Interruptions*).

SHRI S. S. AHLUWALIA: Sir, I am rising on a point or order. A Member of Parliament is beaten up in front of the Prime Minister's house. He is a Member of the other House. We want some information from the Minister.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): That is all right.

SHRI S. S. AHLUWALIA: Some information he should give. (*Interruptions*).

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी)** : उन्होंने बोल लिया. अपनी बात कर ली। अब आप बैठ जाइये।

SHRI V. NARAYANASAMY: Sir, a Member of Parilament has been attached....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): Nothing will go on record. Mr. Raju please. (*Interruptions*).

SHRI J.S. RAJU (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, I fully endorse the

sentiments expressed by hon. Members in this House on the gruesome and dastardly murder of Moulvi Farooq in his own house by three youngsters. My first question is, ....(Interruptions)

SHRI T. A. MOHAMMED SAQHY: Sir, is it a Parliament or a *machli* market? Why should they go on disturbing? *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): Mr. Raju, I asked you to go ahead. *(Interruptions)*

SHRI J. S. RAJU: How can I go on amidst these interruptions?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): Mr. Raju is on his legs. No other thing will go on record. *(Interruptions)*.

SHRI J. S. RAJU. Sir, VIPs are being murdered. This has become the trend of the day. Now comes the murder of Moulvi Farooq. The whole House is concerned about it. As I said, I fully endorse the sentiments expressed by hon. Members in this House on this gruesome murder.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): Kindly put questions.

SHRI J. S. RAJU: I am coming to my questions. My first question is, who gave the first information in this case? There is nothing about this in this statement made by the hon. Minister. This is the most important thing.

The second thing is, the point has been raised by hon. Members that the late Moulvi gave a statement in the hospital. If it is so, the hon. Minister may enlighten the House about it. This is important as it would throw more light on the case. This has to be clarified. If a statement had been given, what action was taken?

Another thing is in regard to the firing. This has been our experience in case of police excesses. This has to be clarified in this particular case. When the coffin was being taken and when the procession was going on, firing was resorted to in which, according to the Government, 2 persons died. Another estimate is that more than hundred persons died. Different reports are there in regard to the number of persons killed and the number of persons injured. My question is, at what point of time, the firing occurred? This is the most important thing to be investigated and I would like the hon. Minister to clarify this.

The other question is about proper security being provided. VIPs are kidnapped and murdered. In this case also, we should find out as to who is responsible for the security lapse. If proper security had been there, I am sure, the Moulvi would not have been murdered. The other thing is that one chowkidar was there. He grappled with the assailants, but they escaped. If this is the case, the chowkidar must have been injured. This shows that there is something fishy about it. It does not stand to reason. Therefore, this should be thoroughly gone into and information given to the House.

Sir, I offer my condolences to the members of the bereaved family. I also join the other Members in condemning this sort of action by the terrorists. The activities of the terrorists are growing. We should curb these terrorist activities at any cost. We should also find out the culprits responsible for such acts and punish them.

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) :** श्री सैयद सिब्ते रजी, कृपया ब्रीफ।

**श्री सैयद सिब्ते रजी :** शुक्रिया जनाब वाइस चेयरमेन साहब, कि आपने मुझे इस बहुत अहम मसले पर, जब कि हम बहस के खातमे पर हैं, अपनी बात कहने का मौका दिया। हमारा कश्मीर, जो

[श्री सैयद सिब्ते रज़ी]

हमारे दिलो-दिमाग का प्यारा कश्मीर है, आज मासूमों, बेगुनाहों और बेकसूर लोगों की कत्लगाह बन गया है। वह कश्मीर, जो सन 1947 से लेकर आज तक जब-जब भी मुल्क पर बहरूनी मुमालिक के लोगों ने नजर डाली है, वहां की आवाम ने उनका मुकाबला किया । आज बड़े दुख की बात है, जब हम मीरवायज साहब के कत्ल के ऊपर चर्चा कर रहे हैं तो उन कश्मीरियों को, जिन्होंने कुर्बानियां दीं, हिन्दुस्तान और मादरे-वतन हिंदुस्तान से अपने को मुनसलिक रखा, उन्हें हम इन जनरल गद्दार होने का इल्जाम लगाने से चूके नहीं हैं और इस हाउस के एक आनरेबिल मेम्बर ने... **(व्यवधान)**...

**श्री जगदीश माथुर:** पाकिस्तान ले जाना चाहते हैं, वे गद्दार हैं, यह कहा था।... **(व्यवधान)**...

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी)**: माथुर साहब, आप हाऊस मुझे चलाने दीजिये । प्लीज।.. **(व्यवधान)**

**श्री सैयद सिब्ते रज़ी**: जब पाकिस्तान हमारे कश्मीर पर हमला कर रहा था तो सैकड़ों, हजारों कश्मीरियों ने मादरे-वतन के लिये अपनी जान दे दी थी और अपनी कुर्बानियां दी थीं।... **(व्यवधान)**.. यही तो फर्क है आप इस बात को असत्य कर रहे हैं। **(व्यवधान)**

वाइस चेयरमेन साहब, सन 1965 में जब पाकिस्तान ने पैराशूटों से अपने एजेंट बनाकर कश्मीर में उतारे थे तो कश्मीर के किसानों ने, कश्मीर की आवाम ने उन पैराशूटों को पकड़ा था। आज जरूरत इस बात की है कि अगर कोई मिस-अंडरस्टेंडिंग पैदा हुई है तो हम उसको दूर करें। जगमोहन साहब वहां पर क्यों गये? इस बात पर चर्चा आई । मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि आपने जगमोहन साहब को वहां इसलिये भेजा है कि वहां वे पोलिटिक्स आफ सप्रेशन प्ले करें, वहां बदले की भावना से काम किया जाय। यही वजह है कि वे लोग, जो मिलिटेंट हैं, उनको भी खुली छूट है और जो पैरामिलटरी फोर्सेज के लोग हैं उनको भी भी खुली छूट है और आज वहां पर मारे जा रहे हैं बेकसूर लोग । आज कश्मीर में अजीब तरह की स्थिति है। एक तरफ तो आतंकवाद है मिलिटेंटस का, टेरारिस्टस का और दूसरी तरफ आतंकवाद है, टेरारिज्म है स्टेट का और इन दोनों के बीच में पिस रही है वहां की आवाम, वहां का मजबूर इंसान।

वाइस चेयरमेन सर, मीर वायज के जनाजे पर गोली-बारी होना, इस बात का संकेत है कि वहां न कोई ला है, न कानून है, न वहां पोलिटिक्स प्रोसेस है, वहां तो बुलेट का प्रोसेस है। सरकार पिछले तीन-चार महीनों से इस बात को बार-बार कह रही है कि हम पोलिटिकल प्रोसेस की तलाश कर रहे हैं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी)**: आप क्लेरीफिकेशन पूछिये।

**श्री सैयद सिब्ते रज़ी**: मैं वही पूछ रहा हूं उनसे, कि आपने अब तक पोलिटिकल प्रोसेस तलाश किया या नहीं? जो हिन्दुस्तान की जम्हूरियत का सबसे बड़ा पोलिटिकल प्रोसेस होती है, हमारी चुनी हुई असेम्बली, उसको जाते ही जगमोहन साहब ने डिजोल्व कर दिया। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या उसके लिये प्रेजीडेंट आफ इंडिया की सहमति ली थी? क्या आपसे सहमति ली थी? क्या गृह मंत्रालय से सहमति ली थी? आप एक ऐसे आदमी के जरिये, जिसका जेहन पूरी तरह से मुकद्दर हो चुका है, जो एक खास नजरिये से वहां प्रचार करने पहुंचा है, उससे पोलिटिकल सोल्यूशन ढूंढने की बात सोच रहे हैं? जिस तरह से सिक्योरिटी फोर्सेज ने अंधाधुंध फायरिंग की, उसका कोई औचित्य नहीं था।

सर, मैं आज ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहूंगा, सिर्फ मंत्री महोदय से यह पूछना चाहूंगा कि कश्मीर के अन्दर जो सिक्योरिटी के लोग जख्मी हुये हैं, वे कहां

हैं ? क्या वे अस्पताल में है या बैरकस में है या ड्यूटी पर हैं? इसके साथ ही आर्टिकल 370 के बारे में जो आप की पोलिटिकल अफेयर्स कमेटी है या जो आपने एक कमेटी बनाई है नार्मेसी रिस्टोर करने के लिये और जम्मू कश्मीर के लिये जो मिनिस्टर बनाया है, उनका क्या विचार है ? आपके दाहिनी ओर और बाईं ओर जो लोग हैं, जो आपकी सरकार को चला रहे हैं, उनसे आर्टिकल 370 पर सहमति लेने के लिये आज तक आपने क्या किया है ? क्या यही वजह नहीं कि आज कश्मीर में नार्मेसी रिस्टोर नहीं हो पाती क्योंकि एक तरफ सरकार कह रही है कि आर्टिकल 370 को एब्रोकेट नहीं किया जायेगा और दूसरी तरफ बी०जे० पी० फ्लोर आफ दी हाऊस पर और हाऊस के बाहर बार-बार यह कह रही है कि आर्टिकल 370 को खत्म कर दिया जाना चाहिये। आज यह सबसे बड़ी मिस-अंडरस्टेंडिंग बन गई है कश्मीर के मसले को हल करने के लिये। तो सरकार आर्टिकल 370 के लिये, सहमति के लिये अपनी दाईं और बाईं खपतियों को किस प्रकार से अपने में जोड़ रही है और खास तौर से बी०जे०पी० को? इस बारे में किस प्रकार से कोशिश आप कर रहे हैं ? क्या मारे गये लोगों को, क्योंकि ये मासूम लोग हैं। यह मिलिटेंट नहीं हैं जो 60,65 या 27 लोग, जिनको आपने कहा है, क्या यह मिलिटेंट हैं जिनको मारा है ? अगर मिलिटेंट नहीं हैं, टैरेरिस्ट नहीं है, मासूम शहरी हैं, जनाजे में हिस्सा लेने वाले मातमदार हैं, तो क्या आप उनको कुछ कम्पन्सेशन देंगे ?

क्या जम्मू-कश्मीर अफेयर्स मिनिस्टर, जो एक राजनीतिक कमेटी बनी थी और हमारी पार्टी ने भी उसमें हिस्सा लिया था और हमारे प्रधान, हमारे कांग्रेस अध्यक्ष के इस प्रस्ताव पर कि एक अलग से इंचार्ज मिनिस्टर बनाया जाय जम्मू-कश्मीर का, अफसोस की बात है कि इंचार्ज मिनिस्टर बनने के बाद आपके गृह मंत्रालय और जम्मू-कश्मीर अफेयर्स मिनिस्टर में बहुत ज्यादा विरोधाभास हो गया है, आपस में बहुत ज्यादा दूरी हो गई है, क्योंकि जार्ज साहब ने बार-बार यह कहा है कि हम जगमोहन के रवैये से मुतमइन नहीं हैं। तो क्या आपकी सरकार या आपका गृह मंत्रालय इस बात के लिये सिफारिश करेगा कि जब जार्ज साहब से नहीं पट रही है तो कोई दूसरा जम्मू-कश्मीर अफेयर्स मिनिस्टर उस मामलात को सुलझाने के लिये आयेगा ?

तीसरी बात मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि जम्मू-कश्मीर अफेयर्स इंचार्ज मिनिस्टर को ही जम्मू-कश्मीर के मामलात पर यहां बयानात देने के लिये आना चाहिये क्योंकि मैं समझता हूं कि वह पूरी तरह से स्थिति से अवगत हैं। (समय की घंटी)

इसके साथ ही मैं कहना चाहूंगा कि मारेल रिस्पांसिब्लिटी की बात कही जाती है। सुना गया है कि चौटाला साहब ने हत्या किये जाने पर, एक इंसान की, जो चुनाव लड़ रहा था, उस आधार पर अपना रेजिग्नेशन देने की बात कही है या अपना रेजिग्नेशन दे दिया है। तो मौलवी मीर वायज फारुक, मुशीर-उल-हक और बहुत सारे लोग, बहुत बड़े लोग थे, उनके मरने से जो वैक्यूम पैदा हुआ है और जो कश्मीर की समस्या के समाधान में बहुत बड़ा रोल अदा कर सकते थे, क्या जगमोहन साहब मारेल रिस्पांसिब्लिटी लेते हुये खुद ही रिजाइन करेंगे और वहां से वापिस आ जायेंगे ?

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: Mr. Vice-Chairman, it is a grave situation indeed and we are all sad about it. But I am sorry to see that excessive partisanship is clouding our fair judgment. Can we agree to some of the basics?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): Kindly ask clarifications only.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN. Don't interrupt me, please. I have waited all this while. You have allowed ten minutes to others...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): As the time is short, I would request you to ask pointed clarifications only.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: Yes, I know what to ask.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI: Please do that.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: But, please don't interrupt me.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): This is no interruption. This is not proper... Please, this is not proper. I will only request the Member to limit himself to asking clarifications.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: Mr. Vice-Chairman, I have not begun even.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): Now please ask questions only.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: I am asking, but please don't interrupt me.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): Please, I will request you not to behave in this way.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: Sir, you want me to speak or you do not want me to speak?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): I want it very much. That is why I have called your name...Please, the Chair can look after itself. I would request you to ask clarifications only.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: Please let me speak. Please let me speak.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): That is why I have called you.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: I would have finished by now.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): You limit yourself to asking clarifications.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN. I know what to speak here. You have chosen to give me a chance last of all.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): No, there are many more people.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN. Please let me speak.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): Please speak. Please continue.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: Sir, I want this House and the hon. Minister to consider whether we all agree on some of the basics. I want to make three basic propositions. Can we all agree that national interest should prevail over party interest? Can we all agree that any person who talks of taking Kashmir away from India is an anti-national? Can we all agree that those people who take to politics of violence in place of politics of non-violence should be curbed?

Now let us come to Kashmir. There are people who are openly talking of taking Kashmir out of India to Pakistan. Are these not anti-national elements? Secondly, there are people who are taking recourse to guns and militant activities. Now, who can fight these mlitants? Not the innocent people of Kashmir. It is only the Government machinery which has to be tough and it is their national duty, it is their administrative duty, to be tough with anti-nationals and people who are indulging in politics of violence. And this is precisely what the administrative machinery in Kashmir, headed by Jagmohan, is doing today.

There have been a lot of demands. People have called Jagmohan a *hat-*

*yara* and what not. But Jagmohan is not the issue. Jagmohans come and go. In fact, this particular gentleman did not even belong to us. It is not the first time that he has been sent to Kashmir. The first time he was sent to Kashmir was to murder the so-called democratic aspirations of the Government there, by the same people who are today asking for his recall. I don't want to go into that question but here the question is, people who are defending the banner of India, people who are defending the democratic polity, people who are trying to maintain law and order cannot be abused by you in this House in this manner. I am not for a person here or there.

I am seeing a method in the madness, and the madness is the mixing of violence and politics which is going on in this country. Two days back an innocent person was killed in Meham. It was followed here by a demand for the resignation of the chief executive of the Haryana Government. Next day *another innocent person was* killed in Kashmir, and it is followed by a demand here for the resignation of the chief executive of the Administration in Kashmir. Do you want to say that all the chief executives of every State should resign one by one? (*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): You Can't seek clarifications of an honourable Member.

SHRI V. NARAYANASAMY: Don't compare both. ...(*Interruptions*)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): You cannot ask him.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: I want to ask honourable Minister, does he have information on any possible linkage between the demands that have been made in this House and the violent activities going on the streets of this country? ...(*Interruptions*)... I want to ask the Government, do they have information on this? If politics of the country is being vitiated in this manner so many more innocent people will be killed. My concern is not only about those who have been killed but I also want to prevent future killings because the considerations are political. If the polity becomes increasingly violent, it is not good for anybody.

There is a statement in the press that I read this morning, that the Deputy Prime Minister has made a statement that there is a deep conspiracy going on to destabilize politics in this country. I want the honourable Minister to come out with a frank statement on this. What is his information? What is the deep conspiracy? Who are the conspirators who are using violence in this country to destabilize a Government elected by the people and why is the rule of law being threatened by the process of violence?

श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर : महोदय, मैं सिर्फ जरूरी प्रश्न ही पूछूंगा। मेरा पहला प्रश्न मंत्री महोदय से यह है कि इन के पास जो इनफारमेशन है और हमको जो सूचना दी गई है मृतकों की संख्या के बारे में, तो इस स्टेटमेंट में कहा गया है कि 27 व्यक्ति मारे गये हैं लेकिन मेरी सूचना के अनुसार मृतकों की संख्या 100 तक पहुंच गई है। इससे ज्यादा भी हो सकते हैं। तो मंत्री जी मुझे क्लियरली यह बतायें कि आप अब क्या कहना चाहते हैं इस बारे में और मैं यह आरोप लगाता हूं कि ये इस सदन में गलत तथ्य प्रस्तुत कर रहे हैं और यह इस सदन की अवमानना है।

दूसरा, मेरा प्रश्न यह है कि जब आतंकवादी चौकीदार के माध्यम से घर में गये, मीरवाइज मौलवी फारूख से बात करने के लिए तो जिस समय वह बात कर रहे थे और जब उनकी हत्या की गई थी तब घर में और कितने लोग थे ? क्या उनके परिजन घर में थे या नहीं ? आपके पास इसकी क्या जानकारी है ? और फारूक साहब की और आतंकवादियों की आपस में क्या चर्चा हुई

[श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर]

है ? इसकी भी कुछ जानकारी आपके पास में है । मेरा अगला प्रश्न यह है कि अभी तक कितनी एफ०आई०आर० फारूक साहब के परिवारजनों ने तो एफ.आई.आर. दर्ज करायी होगी, इसके अलावा भी जो लोग मारे गये हैं कितनी एफ.आई.आर. अभी तक दर्ज हुई हैं ? और उस हिसाब से कितने लोग मारे गये हैं, यह रिकार्ड क्या मंत्री महोदय के पास में है ? अगला मेरा प्रश्न यह है कि आपके माध्यम से महोदय, कि मृतकों को क्या मुआवजा सरकार ने दिया है ? या देने की घोषणा की है और अगर नहीं की है तो मैं इनसे मांग करता हूं कि उनको उचित मुआवजा दिया जाये ।

मेरा अगला प्रश्न है कि क्या आपने मुशीरुल हक साहब, खेड़ा जी की जघन्य मृत्यु, जघन्य हत्या हुई उससे कुछ सबक सीखा था महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा के संदर्भ में ? मैं कहता हूं कि नहीं सीखा और अगर सीखा होता तो यह फारूक साहब की हत्या नहीं हुई होती ।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) :** आप कानक्लूड करिये ।

**श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर :** क्या आपने यह जो जार्ज साहब का और जग मोहन साहब का झगड़ा है, उसके बाकायदा अखबारों में वक्तव्य आ रहे हैं उस संदर्भ में क्या इसके ऊपर सरकार का और आपके प्रधान मंत्री राजा वी.पी. सिंह जी का कोई ध्यान गया है ? यदि गया होता तो यह इंसीडेंस नहीं होता । लाशों पर गोलियां पहली बार इस देश में चल रही हैं । महोदय, इसके पहले कभी यह बात सुनने को नहीं आयी लाशों पर गोलियां चलायी हों, सरकार ने चलवायी हों ।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) :** आखिरी क्लेरिफिकेशन और पूछ लीजिए ।

**श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर :** महोदय, मेरा आखिरी प्रश्न है कश्मीर के विस्थापितों के संबंध में । कश्मीर के विस्थापित आज भी अगर आप गुजरें वोट क्लब पर तो रात में और दिन में तपती हुई धूप में कश्मीर के लोग जो स्थिापित हैं वह रहने के लिए मजबूर हैं और इस सरकार की तरफ से कोई भी राहत का इंतजाम उनके लिए नहीं किया जा रहा है ।

आखिर में मैं यह निवेदन करूंगा कि बी.जे.पी. ने जो स्टेंड इस मौके पर लिया है वह अत्यंत दुखद है । आज भी बी.जे.पी. अपनी राजनीति करने से नहीं चूकती ।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) :** बस-बस ।

**श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर :** महोदय, क्लेरिफिकेशन यह पूछना चाहिए कि वहां पर शेख अब्दुल्ला को देशद्रोही ठहरा रहे हैं ।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) :** आप मंत्री महोदय से पूछ लें ।

**श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर :** क्लेरिफिकेशन यह पूछना चाहिए कि वहां चौटाला की तरफदारी कर रहे हैं और जग मोहन की तरफदारी कर रहे हैं । कितने बड़े दु:ख की बात है ।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) :** इसका मतलब है कि आपके पास क्लेरिफिकेशन अब नहीं रहा ।

**श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर :** आखिर में मैं... (**व्यवधान**) आखिरी स्टेंजा स्टेटमेंट का है कि सरकार जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों का पता लगाने तथा उन्हें गिरफ्तार करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगी, कर नहीं रही है । उसकी अगली लाईन में है ... (**व्यवधान**)

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) :** आप तशरीफ रखिए ।

**श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर :** महोदय, यह ध्यान देने वाली बात है उपाय करेगी कब? पूछता हूं मैं ।

श्री मोहम्मद अफजल (उत्तर प्रदेश) : डिप्टी चेयरमैन साहब,

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) : बस दो-तीन क्लेरिफिकेशन पूछ लीजिए।

श्री मोहम्मद अफजल : मैं बहुत देर से इंतजार कर रहा था। मैं इसलिए खास तौर से कह रहा हूं कि दो महीने पहले मैंने एक लेख में यह बात जाहिर की थी कि कश्मीर में जो मौडरेट लीडरशिप है उसकी जान को खतरा है और मौलवी साहब का जो बेईमाना कत्ल हुआ है यह उसकी इब्तदा है। मैं अपनी बात को आगे बढ़ाने से पहले जनाजे पर फायरिंग के मामले से पहले एक बात बहुत वाजिब तौर पर इस हाउस में बता देना चाहता हूं कि मौलवी फारुक के बाद मौलवी निशार, जी०एम० शाह, शफी कुरेशी, मौलवी इफ्तयार, गुलाम नबी आजाद और फारुख अब्दुल्ला इन लोगों की जान को भी जबरदस्त खतरा लाहक है। इस बात को मैं यहां रिकार्ड पर लाना चाहता हूं और वजीरे दाखिला से यह सवाल करना चाहता हूं कि क्या इन लोगों की सुरक्षा का, क्या इन लोगों की हिफाजत का कोई माकूल बंदोबस्त किया गया है? मैं यह बात जानना चाहता हूं। शफी कुरेशी साहब जो एक पुराने कश्मीर के लीडर हैं वे यहां पर अकेले सड़क पर आते-जाते हैं उनकी सुरक्षा का कोई माकूल बंदोबस्त नहीं है? क्या सरकार इन लीडरों की सुरक्षा का माकूल बंदोबस्त करेगी? दूसरी अहम बात हमारे बुजुर्ग मेंबर पार्लियामेंट हमारे सदन के मेंबर सिकन्दर बख्त साहब ने बहुत ही बुनियादी बातों की तरफ तवोज्जह दिलायी थी और कुछ इशारों में बात भी कही थी। जितना वह मौलवी फारुक साहब को करीब से जानते थे इत्फाक में मैं भी मौलवी फारुक साहब को बहुत करीब से जानता रहा हूं। मेरा उनसे बहुत सारे सियासी मामलात पर इख्तिलाफ भी रहता था। मैं सिकन्दर बख्त साहब की बात से पूरी तरह से मुत्तलफिक हूं कि वह बड़े हद तक सीमाबी तबीयत के आदमी थे, अनप्रेडिक्टेबल आदमी थे और आखिरी के दिनों में जो उनका सियासी रूझान था, उनका जो झुकाव था उसको देखते हुए खुद सिकन्दर बख्त ने इस बात को उठाया है कि उनका झुकाव जिस तरफ था उसको देखते हुए यह कहना मुश्किल है कि उनको किन लोगों ने मारा होगा। मैं उनकी बात को आगे बढ़ाते हुए कहता हूं कि हमारे वजीरे दाखिला साहब को यकीनन इस पर गौर करना चाहिए कि अगर मौलवी फारूक का सियासी रूझान, सियासी झुकाव किसी एक वर्ग की तरफ था और उनमें कुछ शक पैदा होते हैं तो उनकी थारोली, अच्छी तरह से तहकीक होनी चाहिए कि उनके कत्ल में किन लोगों का हाथ है।

मैं यहां एक और अहम सवाल पूछना चाहता हूं कि 20 मई को सुबह को क्या जगमोहन साहब ने कुछ अफसरान को बुलाकर यह कहा था कि मौलवी फारूक के खिलाफ फेरा यानी फारेन रेगुलेशन एक्ट के तहत वारण्ट जारी किये जाएं? हमारे वजीरे दाखिला बतायें कि उस 20 की शाम को फेरा के तहत मौलवी फारूक के खिलाफ कोई वारण्ट जारी हुआ या नहीं और क्या 21 तारीख को उनका कत्ल नहीं हो गया? मैं इससे आगे बढ़कर कहता हूं, अखबारों में भी रिपोट आयी है कि फारूख की 17 साला बेटी ने बयान दिया है जब अखबार वाले उनसे मिलने गये तो उन्होंने कहा कि आप हम को अकेला छोड़ दीजिए। मैं कुछ नहीं कहना चाहती हूं। आप जाइये। जगमोहन से बात कीजिए। उनको कहिये कि वह मजे करें। वह जो चाहते थे वह उनको मिल गया। इसकी तहकीक होनी चाहिए कि कुमारी फारूख ने अगर यह बात कही है तो क्यों कही है? क्या इसकी तहकीक हमारे वजीरे दाखिला करेंगे?

मैं जुलूस पर फायरिंग की तरफ आता हूं। यहां हमारे वजीरे दाखिला ने बयान में यह बात कही है और अखबारों में भी लिखा है कि जुलूस बहुत प्रोवोकेटिव हो गया था तो प्रोवोकेशन क्या था? क्या जुलूस ने बसों को जलाया था? क्या बिल्डिगों में आग

[श्री मोहम्मद अफज़ल]

लगा दी थी ? आपका कहना यह है कि उसने सेक्योरिटी फार्सेज पर हमला किया था, ए.के. 47 राइफल से गोलियां चलाई । यहां बहुत सारे मैम्बरान ने पूछा है कि ए.के. 47 राइफल से जो लोग घायल हुए वे कितने हैं ? उनमें से कोई मरा भी है ? दस लोग आपने बताया कि घायल हुए । उनके बारे में स्पष्ट यह बताया जाए कि क्या वे गोली से घायल हुए या किसी और चीज से घायल हुए ?

एक बात और कहना चाहता हूं कि सरकार ने फिगर्स दी है मरने वालों की 27 तो कुछ लोगों ने कहा है 75 मरे हैं, कुछ ने कहा है 80 मरे हैं, कुछ ने कहा है 100 मरे हैं और मेरी जानकारी के मुताबिक 117 लोग मरे हैं । इतना फर्क फिगर्स में क्यों आ रहा है ? इसकी जानकारी देना जरूरी है ।

आखिर में अपनी बात खत्म करने से पहले एक बात कहना चाहता हूं और इस सदन के लोगों से भी पूछना चाहता हूं कि पिछले तीन दिन से मैं यह देख रहा हूं कि मेहम के मामले में इस हाऊस के लोग यहां वैल आफ द हाऊस में आकर हाऊस को नहीं चलने दे रहे हैं क्योंकि एक उम्मीदवार का कत्ल हुआ । मैंने पहले ही एक बात कही है कि एक आदमी मरे या सौ आदमी मरें इंसाफ का पैमाना एक ही होना चाहिए, दो नहीं होने चाहिए । एक आदमी के मरने पर इलेक्टिव चीफ मिनिस्टर से इस्तीफा मांगा गया और उसने इस्तीफा दे भी दिया । 117 आदमी मरे हैं या 27 आदमी मरे हैं और उनके साथ एक बड़ा अहम नेशनल लैवल का मजहबी और सियासी लीडर भी मारा गया है तो क्या हमारे जगमोहन साहब अपनी जिम्मेदारी कबूल करते हुए इस्तीफा देंगे ? गृह मंत्री क्या उनसे इस्तीफा मांगेंगे ? बहुत बहुत शुक्रिया ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): Before I call upon the next hon. Member to speak, I would request the hon. Members not to repeat the clarifications.

**श्री भंवर लाल पवार** : उपसभाध्यक्ष महोदय, बड़े भारी हृदय से माननीय मंत्री जी के वक्तव्य के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण ही मांगूंगा और आपसे संरक्षण चाहूंगा कि अंतिम समय में मेरे इस समय को बिल्कुल नियंत्रित करने का अपराध मेरे ऊपर नहीं होगा । यह मैं संरक्षण चाहूंगा ।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी)**: आपके बाद दो-तीन और सदस्य बोलने वाले हैं ।

7.00 P.M.

**श्री भंवर लाल पवार** : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मौलाना फारूख के साथ अन्य लोगों को मारने का जो जघन्य अपराध हुआ है उसकी पूरा राष्ट्र निन्दा करता है, उसकी भर्त्सना करता है और इसकी भर्त्सना करने के लिये हमारे पास शब्द नहीं है । स्पष्टीकरण के संबंध में मेरे पूर्व वक्ताओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों की पुनरावृत्ति में नहीं करना चाहूंगा । लेकिन इस सदन में अब तक जो बात उभर कर सामने आई है वह यह है कि क्या मंत्री महोदय महामहिम राज्यपाल श्री जगमोहन द्वारा किये जा रहे कार्यों का लेखा-जोखा लेंगे ? मैं यह भी कहना चाहता हूं कि गत जून में मैं अपने परिवार के साथ कश्मीर गया था । 15-20 दिन तक वहां घूमा था । उस वक्त वहां पर कोई आतंक नहीं था और इस प्रकार की कोई घटना नहीं थी । लेकिन नवम्बर के पश्चात एक के बाद एक घटनायें हो रही हैं । यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि यह इस सरकार की अकर्मण्यता की पराकाष्ठा है । इस बात को सुनकर बड़ा खेद होता है कि हमारे माननीय सदस्य श्री सिकन्दर बख्त और भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्य कहते हैं कि राज्यपाल के पहुंचने के पश्चात वहां की स्थिति में सुधार हुआ है । बड़ा खेद होता है कि जो चीज स्पष्ट है-वह भी उन्हें स्वीकार नहीं है । मैं पूछना चाहता हूं कि नवम्बर के पहले जितने सैलानी वहां जाते थे, क्या वह संख्या आज भी है ? क्या माननीय श्री राजीव गांधी जी ने पोपुलर गवर्नमेंट स्थापित करने

के लिये जो सक्रिय सहयोग देने की बात कही थी, उस पर यह सरकार गौर कर रही है? स्पष्टीकरण के नाते मैं आपसे यह भी जानना चाहता हूं कि आपने श्री जार्ज फर्नाडीज को स्पेशल मंत्री बनाया है, वे छिपे छिपे हमारे राजस्थान मे अजमेर गये और वहां पर कुछ भाई रहते हैं जिनसे मंत्रणा लेने के लिये गये, स्थिति को ठीक करने के लिये गये, क्या उनका यह जाना राज्यपाल को अच्छा नहीं लगा और क्या उसी का यह परिणाम नहीं है कि एक के बाद एक घटना हो रही है? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि इस वक्तव्य में उन्होंने मौलाना फारूख के शोक संतप्त परिवार के लिये क्या किया है? क्या वे कोई घोषणा करने जा रहे है? आप यह भी बताने की कृपा करें कि नवम्बर के बाद आज तक जितनी भी जघन्य हत्यायें हो रही हैं उसमें आप केन्द्र की तरफ से और राज्य सरकार की तरफ से जनता के टेक्स की राशि देने की घोषणा करते है और राशि वितरित करते है, क्या आप अपनी इस अकर्मण्यता का भी लेखा जोखा देंगे? एक बात मैं और कहना चाहता हूं? आप पर ब्यूरोक्रेसी हावी हो गई है। मैं कल टी.वी. देख रहा था। उसमें काश्मीर का एक समाचार निकला था। प्रधानमंत्री का नाम भी उसमें आया था और दूसरे मंत्रियों का नाम भी आया था, लेकिन श्री जगमोहन का फोटो दिखाया गया, दूसरों का नहीं दिखाया गया। ऐसा लगता है कि किसी विशेष पार्टी के कहने के आधार पर यह सब चल रहा है। आपको डर है कि अगर एक बैशाखी लुढ़क गई तो यह सरकार भी लुढ़क जायेगी। इसलिये आप ऐसे ब्यूरोक्रेटिक व्यक्ति को जल्दी से जल्दी वापस बुलाने की कृपा करें। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जब हमारे पूर्व प्रधानमंत्री ने वहां जाकर श्री जगमोहन से कहा कि हमारी काश्मीर के लोगों से बात कराइये तो उन्होंने अपनी असमर्थता प्रकट की और कहा कि आपसे मिलने को कोई व्यक्ति भी आने के लिये तैयार नहीं है। इतना तक वे नहीं कर सके। इसलिये मै जानना चाहता हूं कि आप पोपुलर गवर्नमेंट को वहां पर वापस लायेंगे? और यहां पर जो मांग आई है, मैं भी आपसे पूछना चाहता हूं कि आप पार्लियामेंटरी कमेटी वहां भेजकर स्थिति का जायजा लेंगे? आप यहां से कुछ सीनियर आफिसर्स और उन पार्लियामेंटरी कमेटी के मेंबर्स के सामने क्या उन व्यक्तियों को, जो पीड़ित हैं, प्रताड़ित है तो पेश होने का...

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) :** आप बैठने की कृपा कीजिये।

**श्री भंवर लाल पंवार :** मौका देंगे? धन्यवाद।

**श्री रफीक आलम :** उपसभाध्यक्ष महोदय, मौलवी फारूक का वाहिमाना कत्ल बहुत शर्मनाक और दर्दनाक है। मैं ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहता। मैं चन्द बातें ही पूछना चाहता हूं।

क्या मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि किन हालात के तहत मौलवी फारुक का कत्ल हुआ? जनाजे के जलूस पर क्यों गोली चलाई गई। आप जानते हैं कि जनाजे में ऐसे ही लोग शरीक हुये होंगे जिनको मौलवी फारूक से मुहब्बत थी या जिनके मन में उनके लिये इज्जत थी। यह ऐसा जलूस होता है जिसमें कोई भी शख्स वाइलेंस की बात सोच ही नही सकता। ऐसे निहत्थे लोगों पर गोली क्यों चलाई? यह रिपोर्ट जो हमें दी गई इसमें 27 गवर्नमेंट ने कहा है जबकि 117 हमारे मेंबरान ने कहा तो किसकी बात हम सच मानें? इस सिलसिले में क्या मंत्री पूरी बात बतायेंगे? छुपाने से कोई बात छुपती नहीं है। साथ ही साथ मैं यह भी जानना चाहता हूं कि जब से श्री जगमोहन कश्मीर गये हैं वहां पर कितने लोगों का कत्ल हुआ है? अगर आतंकवादी मारते हैं तो उनको मारिये लेकिन बेगुनाह लोगों को मारना, बेइज्जत करना, जलील करना, कत्ल करना यह कहां का इंसाफ है? यह तो शायद हिटलर के

[श्री इश्फाक आलम]
टाइम में भी नहीं हुआ था जो यह सरकार कर रही है ।

तीसरी बात मैं यह पूछना चाहता हूं कि यह नपुंसक सरकार कब तक जगमोहन, जो किलर जनरल है, जिसको देखकर जनरल डायर भी शर्माता होगा, उसको कब तक यह सरकार रखेगी और कश्मीर के कितने मुसलमानों को मारने का टारगेट है इस सरकार का, यह मैं जानना चाहता हूं ।

श्री **राम नरेश** यादव (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं जो आपने मुझे समय दिया ।

महोदय, जिस तरह से कश्मीर में मौलवी फारूक की जघन्य, शर्मनाक, दर्दनाक और कायरतापूर्ण हत्या हुई और उसके पश्चात अर्थी ले जाते समय जिस तरह से उस जलूस पर गोलियां चलीं, जिसके परिणामस्वरूप काफी लोग मारे गये और घायल हुये । इस घटना की जितनी भी निंदा की जाय उतना ही कम है ।

इसके कारण शर्म से हमारा माथा झुक जाता है । कश्मीर की यह घाटी वह कश्मीर प्रदेश जो दुनिया में अपनी एक मिसाल रखता था । आज वहां की धरती पर निरीह, निरपराध, राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के सीनों पर आतंकवादियों द्वारा गोलियां चलाकर जो खून गिर रहा है वह बहुत ही खतरनाक है । कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है । इसके बावजूद जिस प्रकार की स्थिति वहां पर पैदा हो रही है वह बहुत ही खतरनाक है ।

महोदय, इस सदन में जो यह मंत्री महोदय का वक्तव्य आया है उसको पढ़ने के बाद यह बात स्पष्ट होती है कि सचमुच में बहुत ही संदेहों और भ्रम से भरा हुआ यह वक्तव्य है । वास्तविकता क्या है, तथ्य क्या है, वक्तव्य जिस तरह से आया है उसको पढ़ने के बाद ऐसा जान पड़ता है कि उनको छुपाने का प्रयास किया गया है । महोदय, प्रश्न यह है कि मीरवाइज फारूक को गोली लगती हैं, जख्मी होते हैं और उसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया जाता है । मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि जख्मी होने के कितनी देर बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया और अस्पताल में जाने के कितनी देर बाद उनको मृत्यु हुई ? अस्पताल में आये, महोदय, वहां पर सारा कार्यालय बन्द है, अस्पताल बन्द है, सारी चीजें बन्द हैं कोई सुविधा नहीं है । इसलिये मैं यह भी कहना चाहता हूं कि कहीं ऐसा तो नहीं है कि जो प्राथमिक उपचार होना चाहिये उसकी कमी से तो उनकी मृत्यु नहीं हुई । यह भी सरकार से जवाब चाहता हूं । साथ ही साथ मरने से पहले क्या कोई बयान उन्होंने दिया था, यदि दिया हो तो वह भी मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि वह बयान क्या है ? तीसरी बात यह है कि जब यह सरकार को मालूम है कि वहां पर स्थानीय व्यक्तियों और नेताओं को खत्म कर देने का आतंकवादियों का इरादा है तो मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि क्या सरकार की तरफ से कुछ, नेताओं, माननीय संभ्रांत व्यक्ति जो धार्मिक और सामाजिक क्षेत्रों में काम करने वाले लोग हैं उनकी क्या कोई लिस्ट बनाई गई है, अगर बनाई गई है तो उनकी सुरक्षा के लिए क्या व्यवस्था की गई है ? यह बहुत ही शर्मनाक बात हो जाती है कि इस्लामिया कालेज है, पास में पुलिस की चौकी है, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि कितनी देर के बाद कितने घंटे पहले अर्थी निकालने का काम शुरू हुआ, अर्थी को निकाला गया और जब यह अर्थी निकली तो यह सरकार को मालूम था कि वहां पर कर्फ्यू है, आतंक का वातावरण है, आतंकवादी मारने वाले पकड़े नहीं जा सके हैं, जबकि वहां पर सुरक्षा बल तैनात हैं तो क्या पुलिस की व्यवस्था अर्थी के साथ चलने के लिये की गई या नहीं की गई ? मेरा सरकार पर जबरदस्त आरोप है कि इस मामले में निरीह और निहत्थे लोग जो अर्थी के साथ चलने वाले लोग थे उन पर किस तरह से गोलियां चलाई गई

लोगों को मारा गया। (समय की घंटी) साथ ही साथ यह भ्रम पैदा हो रहा है कि आखिर उस अर्थी में कहीं पर जैसे कि मेरे साथियों ने कहा कितने लोग मारे गये, मैं यह जानना चाहता हूं कि उनमें कितने लोग मारे गये और कितने घायल हुये और कितने लोग आज भी अस्पताल में हैं। एक बात जो गंभीर जान पड़ती है जिस समय कि जार्ज साहब की नियुक्ति हुई थी उन्होंने "माया" को एक इंटरव्यू दिया था उस साक्षात्कार में जार्ज साहब ने यह कहा था कि कश्मीर का मामला असाधारण है (समय की घंटी) असाधारण स्थिति को ध्यान में रखते हुये असाधारण उपाय भी ढूंढने हैं और असाधारण उपाय ढूंढने के लिये ही मेरी नियुक्ति हुई है। मैं इसलिये यह कहना चाहता हूं कि असाधारण रूप में नियुक्ति हो गई और गृह मंत्री जी पहले से मौजूद हैं, राज्यपाल वहां पर मौजूद हैं, यह बराबर समाचार-पत्रों में आ रहा है जगमोहन जी, जार्ज साहब और गृह मंत्री जी में आपस में तालमेल नहीं है (समय की घंटी) एक दूसरे के विचारों से वहां की समस्या को हल करने की दिशा में सामंजस्य नहीं है। यह भी कारण है जिसके कारण वहां इस तरह से मासूम लोगों का खून गिर रहा है ऐसी स्थिति में दो प्रश्न हमारे सामने उपस्थित होते हैं। जब असाधारण उपाय ढूंढने हैं और जार्ज साहब इंचार्ज बनाये गये हैं तो मेरा आरोप है कि वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करने में बिल्कुल असफल साबित हुये है (समय की घंटी) नम्बर दो, यह राज्यपाल जब से वहां गये हैं, परम श्री की हत्या हुई है, महाप्रबंधक की भी हत्या हुई है, साथ ही साथ वाइस चांसलर की भी हत्या हुई है, यह सब कश्मीरी ऐसे हैं जो भारत की राष्ट्रीय धारा से जुड़े हैं, ऐसे लोगों की हत्या बहुत खतरनाक है। इसलिये ऐसी स्थिति में गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिये; जार्ज साहब को इस्तीफा देना चाहिये। एक बहुत बड़ा प्रश्न है मेरे बी.जे.पी. मित्र यह सफाई देते हैं कि जगमोहन जी के जाने के बाद वहां पर स्थिति में सुधार हो रहा है लेकिन जो स्थिति बदतर हुई है, उसको देखते हुये हमारी प्रधानमंत्री जी से यह मांग है कि जगमोहन को जल्दी से जल्दी बर्खास्त करें, हटायें। अगर आप चाहते हैं कि वहां पर निरीह लोगों का खून न गिरे तो उनके स्थान पर राजनीतिक सूझबूझ वाला कोई व्यक्ति आप भेजें। साथ ही साथ पोलिटिकल प्रोसेस शुरू करने के लिये वहां पर नेशनल कांफ्रेंस को विश्वास में लेना होगा। उसको विश्वास में लेने के लिये माननीय मंत्री जी क्या कदम उठाने जा रहे हैं? जो वाइस चांसलर की हत्या हुई है उसके बाद से ऐसे कौन से पोलिटिकल प्रोसेस अपनाये गये हैं जिनके आधार पर जनता को विश्वास हो सके। यह सरकार बिल्कुल विफल है। कश्मीर की समस्या को हल करने की दिशा में क्या आप ऐसा कदम उठाने जा रहे हैं जिससे जनता आश्वस्त हो सके, सदन भी आश्वस्त हो सके और निरीह लोगों का खून न गिरे, मासूम लोगों की हत्यायें न हों। इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): Now, Mr. Masodkar. Not here.

Before I call upon the honourable Minister to reply, I would like to inform the House that there are 11 Special Mentions which I will put before the House after the Minister's reply.

SHRI M. M. JACOB: If the Chair permits, the Special Mentions can be postponed because it is already too late.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): If the honourable Members are not there for making their Special Mentions, naturally, they will not be taken up. Now, the Minister.

**श्री सुबोध कांत सहाय :** उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि तमाम लोगों द्वारा हालात को सुनने के बाद आपने मुझे मौका दिया कि मैं सरकार की तरफ से राय रखूं।

[श्री सुबोध कांत सहाय]

मौलवी फारूख की हत्या किस परिस्थिति में हुई यह एक बहुत ही अहम सवाल है और इसी सवाल का निदान ढूंढने में सरकार सारे इस पूरे सदन से सहयोग की अपेक्षा करती है। आप जानते हैं कि कश्मीर के जो हालात हैं और जिस हालात में काश्मीर में शांति व्यवस्था बनाने की कोशिश की जा रही है, जो गुमराह लोग हैं उनको मुख्य धारा में लाने की कोशिश की जा रही है, यह एक बड़ा चुनौती का सवाल हैं और यह एक दिन या महीनों में हल हो जाए मैं समझता हूं कि जो इसकी अपेक्षा करते हैं वे पूरी स्थिति से वाकिफ नहीं हैं। उपसभाध्यक्ष महोदय, यह भी सही है कि जब भी थोड़ी स्थिति और हालात सुधरने को होते हैं तो सरहद के पार को लोग जो किसी भी कीमत पर अव्यवस्था फैलाकर रखना चाहते हैं, जिनका उद्देश्य है कि काश्मीर में ऐसी अशांति फैलाकर रखी जाए जिससे उनका जो लम्बा चौड़ा दावा है उस दावे में उनको मदद मिलती रहे, वे ऐसी ऐसी घटनाएं करते हैं। उन्होंने जो देशभक्त और खासकर मुख्य धारा के लोग हैं उनकी हत्या करने की शुरूआत की है और इसी का नतीजा था कि मौलवी फारूख जो यह मानते थे कि राजनीति को हिंसा, या धर्म और राजनीति को मिलाकर काम नहीं होना चाहिए, और आज के दिनों में, हाल के दिनों में वहां सरहद के पार की जो एक्टिविटी थी, जो हिंसा की वारदातें हो रही थीं, इसके खिलाफ थे, जैसा कि माननीय सदस्यों ने कहा कि पहले भी हमले हुए हैं और जब माननीय सदस्य कहते हैं कि पहले भी हमले हुए हैं तो जो माननीय सदस्य यह कहते हैं कि वहां के गवर्नर और वहां की सरकार ने उनकी जान की रक्षा नहीं की उनकी हत्या करने में साजिश की है मैं समझता हूं कि वे उसका जवाब खुद ही दें। यह एकदम गलत है, सरासर असत्य है जिसको कहा जाए कि वहां की सरकार किसी हद तक किसी स्तर पर इस घटना में शामिल है और जो लोग भी यह बात कहते हैं वे हर एक चीज को, एक देशभक्त की हत्या को भी राजनीति से जोड़ना चाहते हैं। मैं इस पर अफसोस जाहिर करना चाहता हूं। साथ ही साथ मैं कहना चाहता हूं कि 21 तारीख को जिस दिन हत्या हुई उनकी, कोई कर्फ्यू नहीं था। लेकिन मिलिटेंट्स की तरफ से सो काल्ड कर्फ्यू इम्पोज किया गया था। जब दो तीन युवकों ने काश्मीरी भाषा में बोलकर बात कही, आकर कहा तो इसके पीछे यह नहीं है कि काश्मीरी भाषा क्यों कही, यह इसलिए कहा जा रहा है कि जिस चौकीदार से उन लोगों ने बात की उसने काश्मीरी में बात की थी क्योंकि चौकीदार ने एफ.आई.आर. लाज करने का काम किया था और जब एफ.आई.आर. लाज करने वाला व्यक्ति कहता है कि जो आकर बात की थी वह काश्मीरी भाषा में की थी तो इसके पीछे तथ्य है। उन लोगों ने जब आकर कहा कि हमको मिलना है तो स्लिप भेजी गयी और स्लिप के बाद जब मौलवी फारूख ने उनको अंदर बुलाया तब यह घटना घटी। हत्या करना उनका उदेश्य था और मौलवी फारूख की हत्या करके के वे एक मैसेज देना चाहते कि जो भी उनकी राय नहीं मानेगा उसको मारा जाएगा, इसी तरह उसका अंजाम होगा। उद्देश्य यही था। अगर ऐसे हत्या करना होता तो शायद वे चौकीदार की हत्या कर देते। उनका उद्देश्य यह नहीं था बल्कि पिन प्वाइंट करके, चुन करके ऐसे लोगों को मारा जाए जिनमें एक ही हत्या से समाज में बहस चले और जो लोग उनके रास्ते को नहीं मानें वह मजबूर होकर उनके रास्ते पर आ जाएं। इस उद्देश्य के साथ यह सारी घटना हुई है।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपको यह भी बताना चाहता हूं, जैसा कि लोगों ने कहा कि वह ऐसे व्यक्ति थे जोकि सेक्युरिटी नहीं लेना चाहते थे, लेकिन सरकार की यह जिम्मेदारी होती है ... **(व्यवधान)**

**डा. रत्नाकर पाण्डेय**: माननीय उपसभाध्यक्ष जी, जो माननीय मंत्री जी कह रहे हैं, उसी संदर्भ में मैं कह रहा हूं कि जो मारने वाले आए थे, उन्होंने कोई पर्ची लिख करके चौकीदार के माध्यम से उनके पास भेजी थी। तो उसमें किन-किन का नाम है? तीनों व्यक्तियों ने पर्ची लिख करके भेजी थी। तो उसमें कौन-कौन नाम हैं, इस पर भी प्रकाश, माननीय गृह मंत्री जी, डालें और वह किस भाषा में थी?

**श्री सुबोध कांत सहाय :** जैसा कि हमने आपको कहा कि ऐसी स्थिति में जब उनको बुला कर उन्होंने बात की और घटना घटी, तो चौकीदार के ऊपर हमला नहीं हुआ और अगल-बगल में जहां पर कहा गया है कि फोर्स थे, तो फोर्स नामल तरीके से थे, कोई वैसी घटना नहीं घट रही थी। दो-चार दिन पहले उस इलाके में आफिस, स्कूल तथा कालेज खोले गये थे, स्थिति सामान्य होने की दिशा में बढ़ रही थी, तो ऐसी घटना घटी।

कोई लगातार घटना घटी होती, तो शायद सरकार ने उस तरह से प्रिकाशन लेकर के कोई पुलिस फोर्स को वहां पर रखने का काम किया होता। लेकिन जैसा हमने आपको कहा कि सरकार की यह जिम्मेदारी है कि जिसकी भी जान को खतरा हो, उसको सुरक्षा प्रदान करने का पूरा प्रयास ही नहीं, आखिरी दायित्व निभाने का काम करें, लेकिन हत्यारे कोई ऐसे नहीं हैं कि हत्यारों को अलग से पहचाना जा सकता है।

जब मैयत में गोली चलने की बात मैं कहता हूं कि जब उसमें आतंकवादी घुस गये थे, आतंकवादी अलग से कोई चेहरे बना कर नहीं घुसे थे। आतंकवादी उसी में मिल कर के घुसे थे और जो घर में घुस कर हत्या कर सकता है, वही आतंकवादी उस जूलूस का भी फायदा उठा कर उसमें बड़े पैमाने पर हिंसा कर सकता है और यही नहीं, उपसभाध्यक्ष जी, जब हत्या हुई, तो आतंकवादियों ने सुनियोजित तरीके से यह चलाया कि वहां की पुलिस फोर्स, सी.आर.पी.एफ. और बी.एस.एफ. के लोगों ने हत्या करने का काम किया है। यह र्‌यूमर पूरी घटना के साथ शुरू हो गई। हरेक के काम करने के तरीके अलग-अलग होते हैं, लेकिन सरकार किसी की हत्या नहीं करवाती, या सरकार कभी ऐसे हत्यारों को पनाह नहीं देती। इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि वहां बहुत बड़ा बलवा होने की संभावना थी और जैसे ही यह जानकारी मिली कि मौलवी फारूक की हत्या हुई है, दिल्ली से लेकर के वहां तक हम लोग संपर्क में थे। हम लोगों ने पूरी तरह से कोशिश की थी कि जब उनकी मैयत का जुलूस निकले, तो उसमें पूरे इंतजामात किये जायें, पूरी सुरक्षा की जाए। यह भी एप्रिहेंशन था, इसलिये उस इलाके में कर्फ्यू नहीं लगाया गया था जिस इलाके से जुलूस निकलना था, मैयत निकलनी थी। यह कोशिश की जा रही थी कि छोटी तादाद में लोग निकलें और जो लोग इस भीड़ का फायदा उठा कर कुछ हिंसा करना चाहते हैं, उनको मौका नहीं मिले। लेकिन क्योंकि वह एक सम्मानित वहां के धर्मगुरू थे, उनके फालोअर बहुत से लोग थे, लोगों ने उस मैयत में शामिल होने का काम किया और दुर्भाग्य कि उसी का फायदा उठाकर आतंकवादियों ने पुलिस फोर्स के ऊपर हमला किया।

यह कोई ऐसा हमला नहीं था पुलिस फोर्स के ऊपर, हमला करने के पीछे उद्देश्य था जहां मैं कहता हूं, वहां कोई तीन हजार--इस्लामिया कालेज के बारे में मैं कहता हूं कि वहां कोई तीन हजार फोर्स नहीं थी, वहां फोर्स थी, लेकिन तीन हजार नहीं थी, चौकियों पर हमले हुए।

एक जगह पर हमला हुआ जहां पुलिस को गोली चलानी पड़ी, लेकिन दो-चार जगह जो हमले हुये, वह ढेला और पत्थर से हुये।

उपसभाध्यक्ष जी, जहां तक मुझको राजनीतिक और सामाजिक जीवन का ज्ञान है, कल्परिट पहला आदमी होता है जो पहले ढेला या गोली चलाता है। उसके बाद तो पूरा मॉब गोली चलाता है। इसलिये आतंकवादियों ने अपना काम कर दिया था। इसीलिये मैं मानता हूं कि इस तरह की घटना हुई।

जहां तक सवाल है, उपसभाध्यक्ष जी, कि कश्मीरी जिनके ऊपर कोई शक की उंगली उठाता है, तो मैं समझता हूं कि वह विवेक से काम नहीं लेता है। जो आजादी का इतिहास जानते हैं,

[श्री सुबोध कांत सहाय]

वह कश्मीरियों की कुर्बानी को भी जानते हैं कि जब देश का बंटवारा हुआ, तो इन लोगों ने जिन्ना जैसे लोगों को धकेल कर उस पार फेंकने का ाम किया और जो लोग उस तरफ से यहां पर घुसपैठिये आये, उनको पकड़ करके सरकार के हवाले करने का काम किया। उन की देशभक्ति, उन की निष्ठा, उनकी इंटेग्रिटी पर कोई उंगली नहीं उठा सकता है। मैं अभी पुंछ और राजौरी के इलाके में घूम कर आ रहा हूं, वहां के लोगों ने कहा कि हमने 1948 में झेला है, 1967 में झेला है, 1972 में झेले हैं, हमारे ऊपर यह गलत-फहमी नहीं है कि पाकिस्तान से आने वाला कोई हमारा भाई होगा, वह हमारा दुश्मन है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जो लोग भी उसके ऊपर उंगली उठाने का काम करते हैं वे विवेक से काम नहीं करते हैं। वे इमोशनल हो करके अपनी बात कहना चाहते हैं और यह गलत है।... (व्यवधान) वह तो देख लीजिएगा। वह 1971 होगा, 1970 होगा, मेरे भाई, थोड़ा मुझे भी सीखने का मौका दो, आप सारे लोग पहले से ज्ञानी बैठे हुए हैं। जहां तक उपसभाध्यक्ष महोदय, पंडित जी ने कहा कि जो लोग उनकी मैयत में आना चाहते थे तो भारत सरकार ने वहां पर इस्लामाबाद में वहां के एम्बैसी को कहा है कि जो भी उनके परिवार के लोग हैं या जो इसमें आना चाहते हैं उनको वीसा दिया जाए। मैं आपको और बताना चाहता हूं कि आज छः बजे शाम में उनके दफन का काम बड़े शांति-पूर्ण तरीके से हो गया। कोई घटना नहीं घटी। सारे लोग जो भीड़ वहां गई थी शांतिपूर्ण तरीके से मिट्टी देने के बाद लौट आई। अभी भी उस इलाके में तनाव है, लेकिन उससे निपटने के लिए सरकार पूरी तरह सक्षम है। साथ ही अहलुवालिया जी ने जो कागज दिया है, मैं समझता हूं कि अगर उसमें थोड़ी सी भी सच्चाई होगी तो जो भी संबंधित लोग हैं उनको हम लोग बख्शा नहीं करेंगे। उपसभाध्यक्ष महोदय, सरकार ऐसे लोगों को कभी मुआफ नहीं करेगी, लेकिन यह दुर्दशा हो रही है सरकार के सामने या उस इलाके में जो बार्डर सैक्यूरिटी फोर्स के लोग हैं या जो सरहद पर पैरा-मिलिट्री के लोग हैं, उनके साथ यह मजबूरी है, उनको जो इन्फर्मेशन मिलती है कि इस तरह की घटना लोग चाहे शादी के माहौल में या कुछ इस तरह से बना करके चल रहे हैं जिसमें बड़े पैमाने पर आर्म्ज सरहद के पार से लाए जा रहे हैं, यह आतंकवादी उस तरह के गिरोह में शामिल हो कर क्रास करते हैं, उसको चैक करने का काम कर रही है, उसमें हम लोगों ने पूरी तरह से अपनी पैरा-मिलिट्री फोर्स को भी आगाह किया है कि किसी भी मासूम के साथ कोई ज्यादती न हो और मैं बड़ी गंभीरता के साथ कहना चाहता हूं कि इस तरह की कोई घटना भविष्य में नहीं हो यह हमारी पूरी कोशिश होगी और कहीं से भी अगर जिन माननीय सदस्यों ने जो राय दी है उस पूरी राय के ऊपर अगर कोई कार्य-वाही करने की जरूरत हुई तो वह करने का काम सरकार करेगी।... (व्यवधान)

SHRI V. NARAYANASAMY: About a Parliamentary delegation there was a specific demand.

**श्री सुबोध कांत सहाय :** मेरे ख्याल से जहां तक ह्यूमन राइट्स का सवाल है, जिस पार्लियामेंट्री डेलीगेशन की बात कर रहे हैं तो काश्मीर का सवाल 40 साल से जो सत्ता में थे उन लोगों ने नासूर बना दिया है। मेरी बात सुन लीजिए, वह नासूर बना दिया है और उस नासूर का इलाज करने में... (व्यवधान) नासूर बना दिया है, उपसभाध्यक्ष महोदय, इस-लिए मैं कहना चाहता हूं कि अगर इलाज में बच्चे को थोड़ा सी तकलीफ हो रही है तो पिता होने के नाते, अभिभावक होने के नाते, उस तकलीफ को बर्दाश्त कीजिए। कोई मानवाधिकार के साथ खिलवाड़ सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी। वहां पर सख्ती के साथ सरकार काम करेगी।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): Now, please......

**श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर :** प्वायंट आफ इन्फर्मेशन.. (व्यवधान)

**एक माननीय सदस्य** : कितने लोग हैं ? .. (**व्यवधान**)

**श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर** : उपसभाध्यक्ष महोदय, काश्मीर की सरकार ने . . . (**व्यवधान**) पी॰टी॰आई॰ की रिपोर्ट है कि 66 लोग मारे गए हैं और यह केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री कहते हैं कि 27 लोग मारे गए हैं. . . (**व्यवधान**) यह पी.टी.आई. की रिपोर्ट है। . . . (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI). Would you like to add anything?

**श्री सुबोध कान्त सहाय** : कोई भी इन्फर्मेशन ज्यादा मिलेगी तो माननीय सदस्य को पास-ओन कर दी जाएगी।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): The House is adjourned till 11 A.M. tomorrow.

The House then adjourned at thirty minutes past seven of the clock till eleven of the clock on Wednesday the 23rd May, 1990.